उज्जैन
शनिवार
05
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-302
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा तक कल से नियमित दौड़ेगी मेट्रो
7 ▸ विमेंस एशिया कप में आज भारत-पाकिस्तान



## मिस वर्ल्ड 2026 का फिनाले आज वियतनाम में

### निकिता पोरवाल करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मिस वर्ल्ड 2026 का ग्रैंड फिनाले आज वियतनाम में होगा। इस प्रतियोगिता में निकिता पोरवाल भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भारत में इस पेजेंट का प्रसारण जियाहॉटस्टार पर होगा। लाइवस्ट्रीम शाम 5:30 बजे से शुरू होगा। फिनाले वियतनाम के न्हा ट्रांग में होगा। ब्यूटी पेजेंट का यह 73वां संस्करण है और यह इस संस्था की 75वीं वर्षगांठ का जश्न है। पिछले साल ओपल सुचाता ने खिताब जीता था मिस वर्ल्ड 2025 का फिनाले पिछले साल 31 मई 2025 को हैदराबाद के हाइटेक्स एग्जीबिशन सेंटर में हुआ था।

## देश

- यूपी के 26 जिलों में बाढ़, 3.5 लाख लोग प्रभावित, अब तक 17 हजार का रेस्क्यू, बारिश का कोटा लगभग पूरा, 71 जिलों में अलर्ट
- बेटी को मुर्गा बनाया तो पिता ने प्रिंसिपल को पीटा, गोरखपुर में शर्ट फाड़ी, थप्पड मारे, स्कूल में तोड़फोड़ की, देरी से आने पर सजा दी थीर्ट
- नासिक में आश्रम स्कूल की 7 साल की छात्रा की मौत, खाने-पानी की जांच कराई गई
- तमिलनाडु में फोन बैन होने से युवा मंदिरों से दूर, श्रद्धालु 20% तक घटे, 52 मंदिरों में 1 सितंबर से मोबाइल पर रोक
- महाराष्ट्र में नवरात्रि पर गरबा में मुस्लिम बैन, आधार कार्ड जांच और तिलक से पहचान के बाद एंट्री, विहिप नियम जारी किए
- आज नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित होंगे 48 शिक्षक, यूपी से 3, मप्र-राजस्थान, बिहार से दो-दो, 700 वीडियो से मैथ्स सिखाने वाले महाराष्ट्र के टीचर भी शामिल
- केरलम में महिला कांग्रेस विधायक के साथ हाथपाई, कार्यकर्ताओं ने हाथ मरोड़ा, धक्का-मुक्की की, राम्या हरिदास अस्पताल में भर्ती, 7 लोगों पर एफआईआर
- जस्टिस भुइयां बोले- प्रदर्शनकारियों पर अफसरों का हमला बेहद दुखदः पुलिस का रवैया बदलना जरूरी, कस्टडी में मौत और फर्जी एनकाउंटर गंभीर अपराध

## विदेश

- दुनिया का नक्शा बदलने की तैयारी, यूएन में आज वोटिंग, यूरोप-रूस-कनाडा का साइज छोटा होगा, अफ्रीका-साउथ अमेरिका को फायदा
- बोलिवियाः सैन्य परिसर के अंदर जोरदार विस्फोट, 10 की मौत, 60 से ज्यादा घायल

## व्यापार

- सोना 943 रु. बढ़कर 1.55 लाख रुपये पर पहुंचा, चांदी 2,923 महंगी होकर 2.35 लाख रुपये किलो हुई, इस साल सोना ?22 हजार महंगा हुआ
- सेंसेक्स 362 अंक चढ़कर 76515 पर बंद, निफ्टी 24 अंक चढ़ा, मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई

## कार्टून..




# दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें 2022 के बाद सबसे महंगी

## अगस्त में शक्कर 11.9% और अनाज के दाम 2.2% बढ़े, युद्ध और खराब मौसम से बिगड़े हालात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों के दाम अगस्त में बढ़कर 2022 के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। पिछले महीने शक्कर के दाम 11.9% और अनाज के दामों में 2.2% की बढ़ोतरी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था एफएओ के मुताबिक, यूरोप में भीषण गर्मी-सूखे और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण बाजार में अनाज की सप्लाई घटने का डर है। अगस्त में ग्लोबल फूड प्राइस इंडेक्स बढ़कर 133.3 अंक पर आ गया, जो



जुलाई में 130.8 अंक था।

हालांकि, यह मार्च 2022 के ऑल-टाइम रिकॉर्ड स्तर से अभी भी 17% कम है।

### मौसम की मार और जियोपॉलिटिकल तनाव मुख्य वजह

यूरोप में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और सूखे की वजह से मक्का और शुगर बीट की फसलों के साथ-साथ पशुधन के उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ा है। इसके अलावा, अलनीनो मौसम चक्र के खतरे ने एशिया में पाम ऑयल और शक्कर के उत्पादन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सिर्फ मौसम ही नहीं, बल्कि यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिका-ईरान संघर्ष की वजह से पैदा हुए व्यापारिक व्यवधान ने भी कृषि बाजारों को प्रभावित किया है। इससे अनाजों के दाम 3 साल के उच्चतम स्तर पर और शक्कर की कीमतें एक साल के पीक पर पहुंच गई हैं।

### युद्ध से फर्टिलाइजर और खाद्यान्न शिपमेंट पर असर

ब्लैक सी क्षेत्र में हमलों के बढ़ने से रूस और यूक्रेन से होने वाला अनाज का शिपमेंट प्रभावित हुआ है। दोनों देशों के बीच पिछले साढ़े 4 सालों से संघर्ष जारी है। दूसरी ओर, अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के कारण फसलों के लिए जरूरी फर्टिलाइजर की सप्लाई चेन पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत और सप्लाई दोनों पर दबाव बढ़ गया है।

### अनाज उत्पादन में 34 लाख टन की कटौती का अनुमान

- एक अलग रिपोर्ट में एजेंसी ने वर्ष 2026 के लिए वैश्विक अनाज उत्पादन के अनुमान को जुलाई के मुकाबले 34 लाख मीट्रिक टन घटाकर 2.980 अरब टन कर दिया है। यह आंकड़ा 2025 के मुकाबले 2.0% कम है, जो 2018 के बाद से सबसे बड़ी वार्षिक गिरावट है।
- हालांकि, इस कटौती के बावजूद यह अनुमानित उत्पादन इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा रिकॉर्ड उत्पादन होगा। वित्तवर्ष 2026-27 के अंत में दुनिया भर में अनाज के वैश्विक भंडार का अनुमान भी 1.1% घटाकर 947.2 लाख टन कर दिया गया है।

# केरलम में लॉरी से टकराई कार, 8 की मौत

## मृतकों में तमिलनाडु के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स, गाड़ी काटकर निकाले गए शव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ त्रिशूर

केरलम के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात एक कार हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा रात करीब 11:40 बजे कैपामंगलम के पनंबिकुन्नू में हुआ।

पुलिस ने बताया कि कार तमिलनाडु नंबर की थी और उसमें सवार ज्यादातर लोग डिंडीगुल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा।



बताया जा रहा है कि कार गुरुवायुर की तरफ से कोडुंगल्लूर जा रही थी। इसी दौरान पनंबिकुन्नू सेंटर के पास वह सड़क किनारे खड़ी मालवाहक लॉरी के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ। उसमें फंसे लोगों को स्थानीय लोगों, पुलिस और दमकल-बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाहर निकाला।

### मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखे गए शव

सभी शवों को त्रिशूर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भेज दिया गया है। पुलिस मृतकों की पहचान और हादसे की वजह की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अभी मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## ट्रम्प ने ईरान के परमाणु-ठिकाने पर हमले की धमकी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बेहद सुरक्षित भूमिगत परमाणु ठिकाने पिकैक्स माउंटेन पर जल्द जोरदार हमला करने की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि अगर इस जगह पर किसी तरह की गतिविधि दिखाई दी तो अमेरिका इसे निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस ठिकाने पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रही हैं।

## देशभर में जन्माष्टमी, मथुरा-द्वारका में भगवान श्रीकृष्ण प्रकट हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर के मंदिरों में शुक्रवार को जन्माष्टमी मनाई गई। रात 12 बजे मथुरा-वृंदावन से लेकर जगन्नाथ पुरी और द्वारका तक भगवान श्रीकृष्ण का प्रकटोत्सव हुआ। श्रीकृष्ण का 5253वां जन्मोत्सव मनाया गया।

मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि में कान्हा का सोने से सजी चांदी की कामधेनु से अभिषेक किया गया और 500 ड्रोन से कृष्ण लीलाएं दिखाई गईं। मथुरा में शाम 6 बजे तक 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। राजस्थान में राजसमंद के नाथद्वारा में भगवान को 21 तोपों की सलामी दी गई।

इससे पहले मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, दिल्ली के इस्कॉन मंदिर और जयपुर के गोविंद देव जी मंदिर में मंगला आरती हुई।

वहीं, बिहार के पटना स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर 108 चांदी के कलश से भगवान कृष्ण का अभिषेक किया गया। मंदिर की सजावट के लिए अलग-अलग तरह के करीब 8 टन फूल मंगाए गए हैं।

## 30 बच्चों की मौत के दावे पर पहले जमीन की पड़ताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

बालाघाट के बैहर और बिरसा क्षेत्र में 30 बच्चों की मौत के दावे ने जनहित याचिका के जरिये मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का ध्यान खींचा है, लेकिन अदालत ने इस दावे के आधार पर तत्काल सरकारी जवाब या कार्रवाई का आदेश देने के बजाय पहले उसकी जमीनी सच्चाई सामने लाने का रास्ता चुना है। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह प्रभावित क्षेत्रों में स्वयं जाएं, वहां की वास्तविक स्थिति देखें, संबंधित तथ्यों की पुष्टि करें और अपनी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। इसके बाद ही यह तय होगा कि जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों पर आगे सुनवाई की जरूरत है या नहीं।

# अवैध मस्जिद ध्वस्तीकरणः कलक्ट्रेट के पांचों गेट सील

### आरएएफ समेत भारी पुलिस बल तैनात, पुलिस पर भड़की सपा सांसद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सहारनपुर

सहारनपुर कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद में शनिवार अलसुबह ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर के पांचों गेट सील कर दिए। किसी भी बाहरी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। सुरक्षा के लिए आरएएफ समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

मस्जिद हटाने की कार्रवाई दो सितंबर को जिला जज की अदालत के आदेश के बाद शुरू की गई। जेसीबी, डंपर और अन्य मशीनें रात में ही कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचा दी गई थीं। इसके बाद शनिवार सुबह धीरे-धीरे मस्जिद के ढांचे को हटाने की कार्रवाई शुरू हुई।

- **पांचों गेट सील, बाहरी लोगों की एंट्री बंद-** ध्वस्तीकरण से पहले ही कलेक्ट्रेट परिसर के पांचों प्रवेश द्वार सील कर दिए गए। किसी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। आसपास के क्षेत्र में भी पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई।
- **अन्य जिलों से भी बुलाया गया पुलिस बल-** पुलिस-प्रशासन और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने मस्जिद हटाने से पहले जिलेभर के माहौल का जायजा लिया। खुफिया इनपुट जुटाने के बाद शुक्रवार देर शाम से परिसर के आसपास पुलिस की आवाजाही बढ़ गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए अन्य जिलों से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।
- **24 मार्च 2025 को दाखिल हुई थी याचिका-** मस्जिद को लेकर विवाद की शुरूआत शिकायत के बाद हुई। बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने मस्जिद के संबंध में शिकायत की थी। इसके बाद 24 मार्च 2025 को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत में पीपी एक्ट के तहत याचिका दाखिल की गई।

# बेंगलुरु में लोन चुकाने को लेकर महिला का अपहरण

## मारपीट कर घर बुलाकर बंधक बनाया, कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाने का आरोप, दो महिलाएं सहित 3 गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु में लोन की रकम और ब्याज चुकाने को लेकर 30 साल की महिला के अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसे घर बुलाकर जबरन दूसरे ठिकाने पर ले जाया गया और कई दिनों तक एक कमरे में बंद रखा गया।

इस मामले में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उससे 11 लाख रुपए चुकाने की मांग की। इस दौरान उसे पीटा गया और कपड़े उतरवाकर उसका वीडियो बनाया गया। आरोप है कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे देने का दबाव बनाया गया।

### काम के बहाने घर बुलाया

महिला के मुताबिक, उसने करीब दो साल पहले नाजथ से 50 हजार रुपए साप्ताहिक किस्त पर और रेशमा बानू से 1 लाख रुपए मासिक ब्याज पर उधार लिए थे। आर्थिक परेशानी के कारण वह पिछले कुछ हफ्तों से किस्त नहीं चुका पा रही थी। 27 अगस्त को नाजथ ने उसे काम दिलाने और पैसे देने के बहाने मेट्रो लेआउट स्थित अपने घर बुलाया। महिला अपने छोटे बेटे के साथ वहां पहुंची। आरोप है कि कुछ देर बाद रेशमा, उसका पति सुहैल और दो अन्य लोग घर में घुस आए। उन्होंने महिला के साथ मारपीट की, उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया और चाकू दिखाकर धमकाया। इसके बाद महिला और उसके बेटे को जबरन ऑटो में बैठाकर कुंबलगोडु स्थित एक घर ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक, रेशमा का इस घर की पहली मंजिल पर कब्जा था। शिकायत के मुताबिक, कुंबलगोडु पहुंचने के बाद महिला को एक कमरे में बंद कर दिया गया। आरोप है कि वहां उसे डंडे से पीटा गया और 11 लाख रुपए देने के लिए धमकाया गया।

## नेपाल के दाचुर्ला में लैंडस्लाइड, निचले इलाकों में अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल के दाचुर्ला जिले में भारी भूस्खलन के बाद चौलानी नदी का रास्ता बंद हो गया। निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। नदी का प्रवाह प्रभावित होने से आसपास के इलाकों में खतरा बढ़ गया है। वहीं, 26 अगस्त की बाढ़-लैंडस्लाइड के बाद से राहत-बचाव कार्य जारी है। त्रिशूली बाजार इलाके से 5 साल का बच्चे समेत तीन भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 275 अब भी लापता हैं। नेपाल में अब तक करीब 1344 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि राहत और बचाव दलों ने 12 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला है। फिलहाल 5300 से ज्यादा लोग लापता हैं। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ से 32,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। नेपाल में आई भीषण बाढ़ से अब तक 32,933 लोग प्रभावित हुए हैं। नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ से स्कूल-कॉलेज और दूसरे शैक्षणिक संस्थानों को नुकसान हुआ है, जिससे 6,500 से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं।

## राजस्थान, एमपी-यूपी में बारिश, नदियां उफान पर

### बिहार में बाढ़, 6.65 लाख लोग प्रभावित, केदारनाथ में चारधाम यात्रा रुकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान, मध्यप्रदेश और यूपी में लगातार बारिश हो रही है। मप्र के 19 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट है। शिवपुरी-मुरैना समेत 7 जिलों में स्कूल बंद हैं।

राजस्थान के धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर में शनिवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। जयपुर में रातभर हुई बारिश के कारण तापमान में 7 डिग्री तक की गिरावट आई है। झालावाड़ में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव है। प्रदेश के 22 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले पांच दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

गंगा-यमुना समेत 10 से अधिक नदियों के उफान पर होने से प्रदेश के 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। करीब 3.53 लाख लोग प्रभावित हैं, जबकि 17,544 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है

वहीं बिहार में भी 16 जिलों में बाढ़ से करीब 5 लाख लोग प्रभावित हैं। गंगा समेत 8 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। आपदा विभाग के मुताबिक, पटना में गंगा का जलस्तर अब तक के हाइएस्ट फ्लड लेवल को पार कर सकता है। उत्तराखंड के केदारनाथ में भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है।




### डिजिटल अरेस्ट के 42 करोड़ रुपये के नेटवर्क पर सीबीआई की कार्रवाई

# 20 राज्यों में 89 ठिकानों पर तलाशी, तीन गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को कानूनी कार्रवाई और गिरफ्तारी का भय दिखाकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने देशव्यापी कार्रवाई की है। सीबीआई ने 20 राज्यों में एक साथ 89 ठिकानों पर तलाशी ली और कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी का फोकस केवल उन लोगों तक पहुंचना नहीं है, जिन्होंने पीड़ितों को फोन या वीडियो काल के जरिये डराकर रकम स्थानांतरित कराई, बल्कि उन लोगों की भूमिका भी सामने लाना है, जिनके बैंक खातों में ठगी की रकम पहुंची और जिन्होंने उसे आगे दूसरे खातों में भेजकर उसके स्त्रोत को छिपाने की कोशिश की।

### गंभीर आपराधिक मामले में जांच के घेरे

सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई तीन अलग-अलग साइबर अपराध मामलों की जांच के सिलसिले में की गई है। इन तीन मामलों में पीड़ितों से कुल 42 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप है। गुजरात, राजस्थान के पिलानी और कर्नाटक से जुड़े इन मामलों में पीड़ितों को कथित तौर पर लंबे समय तक डिजिटल अरेस्ट की स्थिति में रखा गया। अपराधियों ने खुद को पुलिस अधिकारी अथवा अन्य सरकारी अधिकारी बताकर पीड़ितों को यह विश्वास दिलाया कि वे किसी गंभीर आपराधिक मामले में जांच के घेरे में हैं। इसके बाद कानूनी कार्रवाई से बचाने या जांच पूरी होने तक रकम सुरक्षित रखने के नाम पर उनसे बड़ी धनराशि विभिन्न खातों में स्थानांतरित कराई गई।

### खुद को पुलिस अधिकारी बताकर की ठगी

गुजरात से जुड़े मामले में सबसे अधिक 19 करोड़ 24 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। जांच के अनुसार पीड़ित को करीब तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखा गया। कथित आरोपितों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसे एक अपराध की जांच में फंसे होने का भय दिखाया और लगातार अपने निर्देशों का पालन करने के लिए मजबूर किया। लंबे समय तक बनाए गए इस मानसिक दबाव के दौरान पीड़ित से बड़ी रकम कथित तौर पर ठग ली गई। राजस्थान के पिलानी का मामला भी इसी तरह की कार्यप्रणाली से जुड़ा है। यहां एक प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालय से जुड़े व्यक्ति को कथित तौर पर तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखा गया और उससे 7 करोड़ 67 लाख रुपये की रकम ठग ली गई।

## खबर एक नजर...

### जन्माष्टमी चल समारोह का बैरवा महासभा ने किया स्वागत

**उज्जैन।** भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में जन्माष्टमी महापर्व पर राधा कृष्ण यादव पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट एवं मध्यप्रदेश यादव अहीर महासभा द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। टॉवर चौक स्थित छोटा गोपाल मंदिर से सुबह शुरू हुए इस चल समारोह के दौरान ग्रांड होटल के समीप यादव महासभा के नगर अध्यक्ष नारायण यादव और नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव का अखिल भारतीय बैरवा महासभा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय बैरवा महासभा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने बताया कि चल समारोह में यादव अहीर समाज के साथ ही सर्व समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पालकी में विराजित बाल गोपाल का बैरवा समाज द्वारा पूजन किया गया। 'जय श्रीकृष्ण' व 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष के साथ अखिल भारतीय बैरवा प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, अखिल भारतीय बैरवा महासभा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मरमट, महिला प्रदेश अध्यक्ष शीला मरमट, महापौर मुकेश टटवाल, प्रभु लाल जाटवा, दीपक मेहरा, लालचंद भारती, पूर्व महापौर मदनलाल लालावत, पूर्व महापौर मीना जूनवाल, कमलेश मरमट, रंजीत जारवाल, अनिल चावंड, बादल जाटव, चंदन बैरवा, रितेश खलीफा, प्रदीप बेडवाल और महेंद्र मरमट सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु ने पालकी पर पुष्प वर्षा की।

### 29 सितंबर को होगा मप्र गुजराती सेन समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन

**उज्जैन।** मप्र गुजराती सेन समाज ट्रस्ट की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से शेषनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति का गठन किया गया और मूलचंद वर्मा मा.सा. को समिति अध्यक्ष चुना गया। समाजजनों ने मंदिर के साथ आधुनिक गेस्ट हाउस निर्माण का निर्णय लिया है। मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर आगामी 29 सितंबर को सुबह 9 बजे से अभा स्तर का राष्ट्रीय अधिवेशन नीलगंगा चौराहा पर नीलगंगा हनुमान मंदिर के पास स्थित शिप्रा गार्डन में आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा ने बताया कि बैठक में उपस्थित समाजजनों ने मंदिर निर्माण के लिए उत्साहपूर्वक दान राशि की घोषणा की। मूलचंद वर्मा शिक्षक चिड़ावद ने सर्वाधिक 3 लाख 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसी तरह कैलाश चंद चौहान देपालपुर, अशोक चौहान सागौर, गुड्डू पहलवान दिगठान, विशाल सर्राफ उज्जैन, अजय वर्मा देवास, शिवनारायण गेहलोत चौमहला, ओम राठौर छोटा नागदा और संजय भाटी जावरा ने 2-2 लाख रुपए तथा सुरेश मक्सी ने 1 लाख 51 हजार रुपए दान देने की घोषणा की। बैठक के अंत में आभार प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान ने माना।

### 29 सितंबर को होगा मप्र गुजराती सेन समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन

**उज्जैन।** मप्र गुजराती सेन समाज ट्रस्ट की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से शेषनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति का गठन किया गया और मूलचंद वर्मा मा.सा. को समिति अध्यक्ष चुना गया। समाजजनों ने मंदिर के साथ आधुनिक गेस्ट हाउस निर्माण का निर्णय लिया है। मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर आगामी 29 सितंबर को सुबह 9 बजे से अभा स्तर का राष्ट्रीय अधिवेशन नीलगंगा चौराहा पर नीलगंगा हनुमान मंदिर के पास स्थित शिप्रा गार्डन में आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा ने बताया कि बैठक में उपस्थित समाजजनों ने मंदिर निर्माण के लिए उत्साहपूर्वक दान राशि की घोषणा की। मूलचंद वर्मा शिक्षक चिड़ावद ने सर्वाधिक 3 लाख 25 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसी तरह कैलाश चंद चौहान देपालपुर, अशोक चौहान सागौर, गुड्डू पहलवान दिगठान, विशाल सर्राफ उज्जैन, अजय वर्मा देवास, शिवनारायण गेहलोत चौमहला, ओम राठौर छोटा नागदा और संजय भाटी जावरा ने 2-2 लाख रुपए तथा सुरेश मक्सी ने 1 लाख 51 हजार रुपए दान देने की घोषणा की। बैठक के अंत में आभार प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान ने माना।

### जन्माष्टमी महोत्सव में सजी 56 भोग और इंद्रदमन की झांकी

**उज्जैन।** खण्डेलवाल वैश्य पंचायत के तत्वावधान में गुरुवार 3 सितंबर को बुधवारिया स्थित पंचायत भवन में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान राधा-गोपाल को 56 भोग लगाकर महाआरती की गई और इंद्रदमन की झांकी सजाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में सिंहस्थ प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महाप्रसादी ग्रहण की। पंचायत संरक्षक गोविंद खण्डेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघिनिया, भवन व्यवस्था प्रभारी मनीष मेहरवाल और कार्यकारिणी सदस्य अनिल गुप्ता ने अतिथि का स्वागत किया। खंडेलवाल समाज की स्थानीय समिति के संयोजक नियुक्त होने पर राजेंद्र झालानी का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविप्रकाश वाजपेई के भजनों से हुई।

### सीखी जीवनरक्षक ब्रोंकोस्कोपी तकनीक

**उज्जैन।** गंभीर और आपातकालीन मरीजों की जान बचाने के लिए 40वें एमपी-इसाकॉन 2026 के अंतर्गत शुक्रवार 4 सितम्बर को अवंती हॉस्पिटल में एक्यूट केयर ब्रोंकोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सोसायटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स उज्जैन और अवंती हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 100 एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, इंटेंसिविस्ट और इमरजेंसी फिजिशियन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने गंभीर रोगियों में ब्रोंकोस्कोपी की भूमिका, कठिन श्वसन मार्ग के प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में इसके सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण दिया।

---

**दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश और शाम के समय भी मौसम खराब रहने से बाजारों में अपेक्षित भीड़ नहीं पहुंच सकी**

# हल्की बारिश ने त्योहार बाजार का खेल बिगाड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर धार्मिक नगरी उज्जैन के बाजारों में सामान्यतः खासा उत्साह और रौनक रहती है। पर्व के तीन-चार दिन पहले से ही शहर के प्रमुख बाजार बालगोपाल की रंग-बिरंगी जरी और गोटा लगी सुंदर ड्रेस, झूले, सिंहासन तथा विभिन्न सजावट सामग्री से सज गए थे। व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद थी, लेकिन जन्माष्टमी की सुबह से शुरू हुई हल्की बारिश ने त्योहारी बाजार का खेल बिगाड़ दिया।



दिनभर रुक-रुककर हुई बारिश और शाम के समय भी मौसम खराब रहने से बाजारों में अपेक्षित भीड़ नहीं पहुंच सकी। इसका असर खासकर मौसमी कारोबार करने वाले व्यापारियों पर दिखाई दिया। देर रात तक कई दुकानों पर बालगोपाल की ड्रेस, झूले और सिंहासन बिना बिके पड़े नजर आए। धार्मिक नगरी उज्जैन में बालगोपाल के श्रृंगार और सजावट सामग्री का बड़ा बाजार है। व्यापारियों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि पर्व के बाद बची हुई सुंदर और महंगी ड्रेस को पूरे साल सुरक्षित रखना आसान नहीं होता। वहीं अधिकांश होलसेल व्यापारी बचा हुआ माल वापस लेने से भी इनकार कर देते हैं।

### दो दिन पहले तक बिक्री अच्छी चल रही

फ्रीगंज क्षेत्र में फुटपाथ पर बालगोपाल के वस्त्र बेच रहे कमल गुप्ता ने बताया कि दो दिन पहले तक बिक्री अच्छी चल रही थी, जिससे व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद बंध गई थी। लेकिन जन्माष्टमी के दिन हुई बारिश ने पूरा खेल बिगाड़ दिया।





### आधे केले भी नहीं बिक पाए

केले बेच रहे दीपक वाडिया ने बताया कि जन्माष्टमी पर भगवान को केले का भोग लगाए जाने की परंपरा को देखते हुए वे पूरी गाड़ी केले से भरकर बाजार में आए थे। हालांकि बारिश और कम ग्राहकी के कारण आधे केले भी नहीं बिक पाए, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि जन्माष्टमी पर हल्की बारिश ने भले ही मौसम सुहाना कर दिया हो, लेकिन मौसमी व्यापारियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। हालांकि पर्व से पहले के दो दिनों में अच्छी बिक्री होने से कुछ व्यापारियों को राहत जरूर मिली।

---

**गोगा नवमी पर सफाई मित्रों को मिली राहत**

# स्वयंसेवियों ने उठाई झाड़ू, संभाली जिम्मेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जन्माष्टमी उत्सव के बाद शुक्रवार सुबह जब शहरवासी उनींदे से उठे तो शहर के कई क्षेत्रों में एक अलग ही नजारा दिखाई दिया। साफ-सुथरी पोशाक में युवक-युवतियां हाथों में झाड़ू लेकर मोहल्लों और सड़कों की सफाई करते नजर आए। दरअसल, ये विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के वॉलेंटियर्स थे, जिन्होंने नगर निगम आयुक्त की पहल ह्लहम उतरेंगे मैदान मेंह्व के तहत शहर की सफाई की जिम्मेदारी संभाली।





गोगा नवमी के अवसर पर सफाई मित्रों को अवकाश देकर उन्हें राहत प्रदान की गई। उनकी अनुपस्थिति में शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवियों ने आगे आकर जिम्मेदारी संभाली। नगर निगम के कुछ कर्मचारियों ने भी वॉलेंटियर्स के साथ मिलकर सफाई कार्य में सहयोग किया।

फ्रीगंज क्षेत्र में युवक-युवतियों ने सड़कों पर झाड़ू लगाई और कचरा एकत्र कर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दिया। स्वयंसेवियों की इस पहल को देखकर आम नागरिकों ने भी उनकी सराहना की। उल्लेखनीय है कि गोगा नवमी वाल्मीकि समाज के आराध्य गोगादेवजी का प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर सफाई मित्रों को अवकाश देकर नगर निगम ने संवेदनशील पहल की, वहीं स्वयंसेवी संस्थाओं के युवाओं ने सफाई की जिम्मेदारी संभालकर सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। नगर निगम की इस व्यवस्था और स्वयंसेवियों के सेवा भाव की शहरभर में चर्चा रही।

---

# ठहाका ने बांटी माखन-मिश्री, किया वरिष्ठों का सम्मान

### जन्माष्टमी पर सम्मेलन समिति का मंच रहा आकर्षण का केंद्र, किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव महासभा द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा में टावर चौक स्थित ठहाका सम्मेलन समिति का मंच प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ. महेंद्र यादव के नेतृत्व में समिति द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मंच से भजन गायकों की भक्तिमय प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष गूंजते रहे।

इस दौरान समाजजनों को माखन, मिश्री और पेड़ा प्रसादी का वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देने वाले विभिन्न मंडलों को समिति द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

ठहाका सम्मेलन समिति के मंच पर समाज के वरिष्ठजनों और प्रमुख पदाधिकारियों का साफा बांधकर, शॉल, दुपट्टा व पुष्पहार पहनाकर आत्मीय सम्मान किया गया। यादव समाज के अध्यक्ष नारायण यादव का उनके सफल नेतृत्व के लिए विशेष सम्मान हुआ। इस अवसर पर नगर निगम सभापति कलावती यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, यादव अहीर समाज महिला विंग की शोभा यादव, राजकुमार यादव, भागीरथ यादव, पवन यादव और मदनलाल यादव को सम्मानित किया गया।

---

# जन्माष्टमी पर निकला यादव समाज का चल समारोह, गूंजा 'जय कन्हैया लाल की'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में शुक्रवार को जन्माष्टमी महापर्व की खासी धूम रही। राधा कृष्ण यादव पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट एवं मध्यप्रदेश यादव अहीर महासभा द्वारा भव्य जन्माष्टमी चल समारोह निकाला गया। टॉवर चौक स्थित छोटा गोपाल मंदिर से सुबह शुरू हुआ करीब दो किलोमीटर लंबा यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यंत्र महल मार्ग स्थित होटल अर्थव पहुंचा। चल समारोह में यादव अहीर समाज के साथ ही सर्व समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। पालकी में विराजित बाल गोपाल के दर्शन के लिए मार्ग भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और पूरा शहर 'जय श्रीकृष्ण' व 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से भक्तिमय नजर आया। चल समारोह की शुरूआत से पहले छोटा गोपाल मंदिर में पालकी में विराजित बाल गोपाल का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। यादव महासभा के नगर अध्यक्ष नारायण यादव, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा सहित वरिष्ठजनों व युवा-महिला संगठनों के पदाधिकारियों ने आरती की।

---

**उज्जैन-गरोठ हाईवे पर बिना स्टेपिंग बनाई 17 मीटर ऊंची दीवार; पानी निकालने के रास्ते भी नहीं**

# गरोठ हाईवे की रिटेनिंग वॉल धंसी तो छुपाने को लगाया टेका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

2600 करोड़ से बना उज्जैन-गरोठ हाइवे ट्रैफिक शुरू होने से पहले ही गुणवत्ताहीन साबित होने लगा है। सड़क के लिए डाली मिट्टी का प्रेशर रोकने के लिए लगाए घटिया रिटेनिंग वॉल (ब्लॉक) दबाव झेलने से पहले ही धंस गए। जिन्हें छुपाने के लिए निर्माण कंपनी जीएचवी (गुलाब हुसैन वीजापुर) ने सीमेंट-कांक्रीट का टेका लगा डाला।



ऐसे में उज्जैन-गरोठ हाईवे की गुणवत्ता को लेकर अब उच्च स्तरीय जांच करने की जरूरत है, क्यों?कि देवास रोड से लगा 500 मीटर लंबा हिस्सा पहले ही घटिया साबित हो चुका है। एनएचएआई के नए अफसर ने निर्माण एजेंसी को फटकार लगाते हुए उक्त हिस्सा तोड़कर फिर से बनाने का आदेश जारी कर दिया।

इसी बीच शहर से 7 किमी दूर कालियादेह पैलेस के रास्ते वाले ब्रिज के पास 15 दिन पहले धंसे हिस्से को कंपनी ने छुपा दिया। यहां क्षतिग्रस्त हुए ब्लॉक वाले हिस्से के पास बाहर से सीमेंट-कांक्रीट का बड़ा ब्लॉक बना दिया। यानी हाइवे को धंसने से रोकने के लिए टेके लगाने की नौबत आ गई है।

अब करीब 500 मीटर हिस्सा खोदकर नए सिरे से बनाने की तैयारी है। अनुमानित खर्च करीब 10 करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि एप्रोच रोड की रिटेनिंग वॉल करीब 17 मीटर ऊंची बना दी गई, लेकिन मिट्?टी के दबाव और बारिश के पानी की निकासी के लिए पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए?

तीन साल से निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या के साथ ही काम आगे बढ़ाते रहे। अब सुधार में कई महीने और करोड़ों रुपए खर्च होंगे, जिसका असर सिंहस्थ से पहले हाईवे चालू करने की तैयारियों पर पड़ सकता है।

### इतनी ऊंची दीवार बिना स्टेपिंग के बनाई

रिटेनिंग वॉल की ऊंचाई बढ़ने के साथ मिट् टी के दबाव, फाउंडेशन, स्लाइडिंग, ओवरटर्निंग और बेस की क्षमता का आकलन जरूरी होता है। मौके पर दीवार काफी हद तक खड़ी संरचना जैसी दिखाई देती है। सवाल है कि साइट की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर इसका डिजाइन तैयार किया गया था या नहीं?

---

**व्यवसायिकता के इस दौर मे भी कुछ शिक्षक समाज को परिवार मानकर निस्वार्थ भाव से लगे हुए**

# शिक्षक दिवस विशेषः सांदीपनि के आंगन मे समाज को महकाते ये शिक्षक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण के महान गुरू सांदीपनि की नगरी पुरातन काल से ही शिक्षा का प्रमुख केन्द्र रही है। विदेशी यात्रियों ने उस समय की अवंतिका का वर्णन अपने यात्रा वृतांत मे खुलकर किया है और यहां की शिक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की है। आज भी उज्जैन की पावन धरा की मिट्टी मे शिक्षा की पावन महक देखने को मिलती है। व्यवसायिकता के इस दौर मे भी कुछ शिक्षक समाज को परिवार मानकर निस्वार्थ भाव से नई पौध को गढने मे तन- मन से लगे हुए हैं।

### मेंटली चैलेंज्ड बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना रहा उद्देश्य



मेंटली चैलेंज्ड बच्चों को पढाना और समझाना एक जटिल कार्य है। विशेष बच्चों को कुछ सिखाने के लिए बहुत धैर्य और लगन की जरूरत होती है। इस दुष्कर कार्य की चुनौती को स्वीकार करते हुए शहर की अनुपमा उपाध्याय की मेहनत रंग ला रही है। नानाखेडा स्थित मनोविकास विद्यालय मे विगत 17 वर्षो से सेवारत शिक्षिका अनुपमा मल्टीपल डिसएबल्ड बच्चों को इस योग्य बनाती रहीं कि वे आत्मनिर्भर होकर किसी पर बोझ न बनें। ये शहर के लिए गर्व का विषय है कि अनुपमा मैडम से प्रशिक्षित दो मैंटली चैलेंज्ड छात्र अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मे स्वर्ण व रजत पदक जीत कर लाए। शिक्षिका अनुपमा का लक्ष्य ही है कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा मे जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना। उनके पढाए बच्चे आज लिफाफे, राखी, फाइल आदि बनाकर आत्मनिर्भर बन चुके हैं।

### शिक्षक की जिद ने बना डाला शंकु यंत्र

कुछ शिक्षक नवप्रवर्तन करके विषय को बोधगम्य व रोचक बनाते हैं। ऐसे ही शिक्षक हैं माधवनगर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के निरंजन कुमार बेलिया। भूगोल की क्लिष्ट घटनाओं को माडल व चार्ट द्वारा समझाना उनकी प्रकृति रही है। सूर्य की परछाई के अध्ययन को समझाने के लिए बेलिया सर ने विद्यालय परिसर मे ही शंकु यंत्र बनवा दिया। इस यंत्र को बनाने के लिए एक पक्के वृताकार चबूतरे पर मध्य मे एक डंडेनुमा शंकु स्थापित किया और चबूतरे पर अर्धवृताकार रेखाएं अंकित की। इस यंत्र द्वारा परछाई का अध्ययन करके समय मापन सटीक बैठता है। शंकु यंत्र से ही वर्ष का सबसे बडी अवधि का दिन 21 जून को सुगमता से देखा जा सकता है जब सूर्य की परछाई लुप्त हो जाती है क्योंकि सूर्य 90डिग्री कोण पर होता है। बेलिया सर के इन्हीं नवप्रवर्तन के कारण छात्रों की रूचि भूगोल जैसे कठिन विषय की ओर बढी है। उन्होने विद्यालय मे भूगोल की प्रयोगशाला भी तैयार की है।



### फाइन आर्ट को लोकप्रिय बनाया



शहर की युवा फाइन आर्ट शिक्षिका फाल्गुनी अग्रवाल किसी पहचान की मोहताज नहीं है। शहर की नई पौध को कला की बारीकियां समझाकर गढने मे फाल्गुनी अव्वल है। फाल्गुनी का शहर के प्रति समर्पण भी सराहनीय है। बाबा महाकाल की सवारी मे चलित वाहन के अंदर वे बाबा महाकाल की चलित पेन्टिंग बनाकर आम श्रद्धालु को दर्शन कराने का नेक काम कर रही हैं। नागपंचमी पर्व पर निकली सवारी मे फाल्गुनी ने अपनी तूलिका से भगवान नागचन्द्रेश्वर के विग्रह को कैनवास पर जीवंत प्रदर्शित किया। वे अपने छात्रों को एक ही मंत्र देती हैं कि पूर्ण समर्पण व लगन से कला की साधना करो तो सफलता कदम चूमती है। भाव व संवेदना को प्रकट करने का सशक्त माध्यम है फाइन आर्ट। फाल्गुनी जैसे युवा कलाकार शहर मे नई पीढी का रूझान कला की ओर कर रहे हैं ताकि समाज मे संवेदना ,दया व ममता कायम रहे दीर्घकाल तक। शहर के ये शिक्षक सभी लोगों के लिए एक प्रेरणा पुंज हैं जो ऋषि सांदीपनि की विरासत को सहेजे हुए हैं।

### संस्कृति व सामाजिक दायित्वों का बोध



शहर के वयोवृद्ध शिक्षक अति सहज ,सरल पं राजेन्द्र व्यास चकाचौंध से दूर रहकर सदैव मौन साधक की भांति शिक्षा की मशाल जलाते रहे। आज 92 वर्ष की आयु मे भी चुस्त पं व्यास ने औपचारिक शिक्षा के साथ छात्रों को धर्म , संस्कार व संस्कृति से भी परिचित कराते हुए हमारी बौद्धिक विरासत को अक्षुण्ण बनाने मे बहुत महत्वपूर्ण कार्य किया। वे आज भी नियमितरूप से हवन- पूजन करते हैं। असंख्य वैदिक मंत्र उन्हें कंठस्थ हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्येय माननेवाले ये पुरोधा हमारे शहर की बहुमूल्य निधी हैं।

उज्जैन
शनिवार
05
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यस्य स्नेहो भयं तस्य स्नेहो दुःखस्य भाजनम्।
स्नेहमूलानि दुःखानि तानि त्यक्त्वा वसेत्सुखम्।।

**अर्थः** जो प्रेम करता है, वह उससे भी डरता है। प्रेम सभी दुखों की जड़ है, इसलिए प्रेम के बंधनों को तोड़कर सुख से रहना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर इंदौर निगम सख्त

**इंदौर।** इंदौर में भूजल स्तर बढ़ाने के लिए नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। अब मकान मालिकों के साथ-साथ भवनों के नक्शे तैयार करने वाले आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। पिछले तीन साल में स्वीकृत करीब 20 हजार भवन नक्शों से जुड़े 350 आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट को नोटिस भेजे गए हैं। उन्हें सात दिन में जांच रिपोर्ट और मौके की तस्वीरें निगम में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में रिपोर्ट और फोटो जमा नहीं करने पर संबंधितों का रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक, अब तक 6 हजार 545 भवनों से रेन वाटर हार्वेस्टिंग शुल्क के रूप में 6 करोड़ 42 लाख रुपए वसूले जा चुके हैं। इसके अलावा निगम करीब 87 हजार भवन मालिकों को भी नोटिस जारी कर चुका है। बिल्डिंग परमिशन शाखा के बिल्डिंग अफसर सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि निगम में 650 आर्किटेक्ट, स्ट्रक्चर इंजीनियर, इंजीनियर और कंसल्टेंट पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 350 को नोटिस जारी किए गए हैं। निगम का उद्देश्य भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित कर भूजल स्तर को बढ़ाना है।

### नशे में धुत ड्राइवर ने दौड़ाया कंटेनर, एएसआई पर किया वाहन चढ़ाने का प्रयास

**इंदौर।** इंदौर में एक कंटेनर को नशे में धुत ड्राइवर ने 3.7 किमी तक कंटेनर दौड़ाया। वह गुजरात से टायरों की खेप लेकर रायबरेली (यूपी) जा रहा था। इसी दौरान नो-एंट्री पॉइंट तोड़कर शहर के व्यस्त इलाकों में घुस गया। इस दौरान एएसआई ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने उन पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मल्हारगंज पुलिस ने अंतिम चौराहे पर बैरिकेडिंग कर कंटेनर को रोका और चालक को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का केस दर्ज किया गया है। चालक की पहचान सुनील कुमार (28), पिता रामप्रकाश नट, निवासी ग्राम बरियापुर, जिला जालौन (यूपी) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पूरी तरह नशे में धुत था। मेडिकल जांच में उसके ब्लड में 100 एमएल से अधिक शराब मिली है। एडिशनल डीसीपी (ट्रैफिक) संतोष कुमार कौल ने बताया कि घटना शाम 5:30 बजे की है। टायरों से भरा कंटेनर सिरपुर तालाब की ओर से नो-एंट्री तोड़ते हुए चंदन नगर इलाके में घुस गया। चेकिंग पॉइंट पर पुलिस के इशारे को नजरअंदाज करते हुए चालक ने कंटेनर गंगवाल बस स्टैंड मार्ग की ओर दौड़ा दिया।

### कभी एकसाथ शुरू हुए थे, अब 10 किमी का फासला

**इंदौर।** एकसाथ शुरू हुए भोपाल और इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में अब 10 किमी का फासला हो गया है। इंदौर में मेट्रो का ऑपरेशनल रूट 6 से बढ़कर 17 किमी होने जा रहा है, जबकि भोपाल में अभी 7 किमी के रूट पर यात्री सेवा है। इंदौर रविवार से एक साथ 11 किमी नया रूट जोड़ने जा रहा है। शनिवार शाम 4 बजे केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में इंदौर मेट्रो के नए फेज को हरी झंडी दिखाएंगे। रविवार से गांधी नगर से मालवीय नगर तक 17 किमी के रूट पर ट्रेनें चलेंगी। अभी गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक 6 किमी पर संचालन हो रहा है। नए हिस्से के साथ मेट्रो 16 स्टेशनों तक पहुंच जाएगी। सुबह 9 से शाम 7 बजे तक हर 15 मिनट में ट्रेन मिलेगी। भोपाल में 7 किमी के रूट पर 7 स्टेशनों के बीच यात्री सेवा चल रही है। इसके आगे नेटवर्क बढ़ाने का काम अलग-अलग हिस्सों में जारी है। भोपाल में ऑरेंज और ब्लू दो कॉरिडोर प्रस्तावित हैं।

### इंदौर के पूर्व एडीएम बीबीएस तोमर का निधन

**इंदौर।** इंदौर के पूर्व अपर जिला कलेक्टर (एडीएम) बीबीएस तोमर का 66 वर्ष की आयु में शुक्रवार शाम इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले करीब दो महीनों से गंभीर बीमारी के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। तोमर ने इंदौर कलेक्टोरेट में सहायक भू-अधीक्षक से लेकर अपर कलेक्टर तक विभिन्न पदों पर सेवाएं दी थीं। बीबीएस तोमर को इंदौर में लंबे प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान प्रोटोकॉल व्यवस्था और बड़े आयोजनों के कुशल प्रबंधन के लिए खास तौर पर जाना जाता था। वीवीआईपी दौरों के साथ प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े आयोजनों में उन्होंने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं। वे वर्ष 2022 में रिटायर्ड हुए थे। तोमर की कार्यशैली ऐसी थी कि बड़े आयोजनों में आने वाले अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ उनका सहज और सम्मानजनक व्यवहार चर्चा में रहता था।

**Name Changel**
DARSHAN VARMA S/o Shri Prakash Varma R/o 40 Shivansh valley Dewas road Ujjain have change my name to **DARSHAN PRAKASH VARMA** for all future purposes.

### सीएम डॉ.यादव, केंद्रीय मंत्री खट्टर आज दिखाएंगे मेट्रो को हरी झंडी

# गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा तक कल से नियमित दौड़ेगी मेट्रो

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में मेट्रो का सफर अब 17.5 किमी तक बढ़ने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज (5 सितंबर को) विजय नगर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शाम 4 बजे विस्तारित सेवा का शुभारंभ करेंगे। 6 सितंबर से गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन होटल चौराहा) तक आम यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू होगी।

इस कॉरिडोर पर यात्रियों को हर 15 मिनट में मेट्रो मिलेगी और रोज 80 से ज्यादा फेरे लगाए जाएंगे। ट्रेन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। दोनों छोरों से पहली ट्रेन सुबह 9 बजे और आखिरी ट्रेन शाम 7 बजे रवाना होगी।



मेट्रो ट्रेन पूरी तरह वातानुकूलित होगी। स्टेशनों पर सीसीटीवी, डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधा है। दिव्यांग यात्रियों के लिए भी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। यात्री एमपीएमआरसीएल के मोबाइल ऐप से डिजिटल टिकट ले सकेंगे। यूपीआई, क्यूआर कोड और अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान की सुविधा रहेगी।

**रिटर्न टिकट पर 5%, ग्रुप टिकट पर 10% छूट-** यात्रियों को प्रमोशनल डिस्काउंट भी मिलेगा। रिटर्न जर्नी टिकट पर 5% और ग्रुप टिकट पर 10% की छूट दी जाएगी। मोबाइल ऐप के ई-वॉलेट रिचार्ज पर भी राशि के अनुसार बोनस मिलेगा।

#### 16 स्टेशन, इन इलाकों से गुजरेगी मेट्रो

गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक करीब 17.5 किमी के एलिवेटेड कॉरिडोर पर 16 स्टेशन हैं। मेट्रो गांधी नगर से चलकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10, आईएसबीटी, चंद्रगुप्त मौर्य प्रतिमा, हीरा नगर, बापट चौराहा, मेघदूत गार्डन और विजय नगर होते हुए रेडिसन चौराहे तक पहुंचेगी।

अभी गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक करीब 6.3 किमी हिस्से में यात्री सेवा संचालित हो रही है। विस्तारित सेवा शुरू होने के बाद मेट्रो नेटवर्क करीब तीन गुना बढ़ जाएगा।

#### 2019 में शुरू हुआ था काम 2025 में पहली यात्री सेवा

- इंदौर मेट्रो के शुरुआती कॉरिडोर के निर्माण की नींव 14 सितंबर 2019 को रखी गई थी। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर 2023 में पहला ट्रायल रन हुआ। गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-3 तक करीब 6.3 किमी हिस्से पर यात्री सेवा का उद्घाटन 31 मई 2025 को हुआ था।
- गांधी नगर से रेडिसन तक पूरे रूट का ट्रायल अक्टूबर 2025 में किया गया। इसके बाद 27 मार्च 2026 को इस हिस्से के संचालन के लिए सीएमआरएस से अनुमति मिली।

#### आगे खजराना और एयरपोर्ट तक विस्तार

रेडिसन चौराहे से खजराना चौराहे तक मेट्रो का काम जारी है। एयरपोर्ट से अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए खुदाई शुरू हो गई है। खजराना चौराहे के पास से भी अंडरग्राउंड हिस्से के लिए खुदाई शुरू की जाएगी।

### टीएटी की डिप्टी डायरेक्टर ने ट्रैवल एजेंट्स से की चर्चा

# इंदौर से थाईलैंड के लिए फ्लाइट की मांग

#### बोलीं- बैंकॉक-पटाया ही नहीं, ये डेस्टिनेशन भी खास

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर से थाईलैंड के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म अथॉरिटी ऑफ थाईलैंड की डिप्टी डायरेक्टर विपदा नोइपनिच ने शहर के ट्रैवल एजेंट्स के साथ चर्चा की। उन्होंने बैंकॉक, पटाया और फुकेत के अलावा थाईलैंड के कई ऐसे डेस्टिनेशन्स की जानकारी दी, जो भारतीय पर्यटकों के बीच अभी उतने चर्चित नहीं हैं। चियांग माई, चियांग राय, क्राबी, कोह समुई, खाओ लक और चोनबुरी जैसे पर्यटन स्थलों को लेकर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एमपी और छत्तीसगढ़ चैप्टर के चेयरमैन हेमेन्द्र सिंह जादौन ने इंदौर और मध्य प्रदेश से थाईलैंड के लिए बेहतर हवाई कनेक्टिविटी की जरूरत बताई। उन्होंने थाईलैंड के लिए इंदौर से फ्लाइट शुरू करने का अनुरोध किया। उनका कहना था कि बेहतर एयर कनेक्टिविटी होने से मध्य प्रदेश के यात्रियों के लिए थाईलैंड पहुंचना आसान होगा और दोनों क्षेत्रों के बीच पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।



टीएटी की डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि थाईलैंड को अक्सर भारतीय पर्यटक बैंकॉक, पटाया और फुकेत तक सीमित मानते हैं, जबकि देश में इससे कहीं ज्यादा पर्यटन विकल्प हैं। थाईलैंड को केवल हनीमून कपल्स या युवाओं के डेस्टिनेशन के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। यहां परिवारों, कपल्स, वरिष्ठ नागरिकों और एडवेंचर पसंद करने वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग तरह के अनुभव मौजूद हैं। थाईलैंड में समुद्र तटों के साथ प्रकृति, संस्कृति, एडवेंचर, वेलनेस और मनोरंजन से जुड़े कई विकल्प हैं। इसी वजह से अलग-अलग उम्र और रुचि के पर्यटकों के लिए यहां घूमने के कई विकल्प मिलते हैं।

#### इंदौर से फ्लाइट शुरू होने पर बढ़ेगा पर्यटन

हेमेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि मध्य प्रदेश से थाईलैंड जाने वाले यात्रियों के लिए बेहतर हवाई कनेक्टिविटी जरूरी है। इंदौर से थाईलैंड के लिए फ्लाइट शुरू होने पर यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने ळअळ की डिप्टी डायरेक्टर से मध्य प्रदेश, खासकर इंदौर से थाईलैंड के पर्यटन को बढ़ावा देने और एयर कनेक्टिविटी बेहतर करने की दिशा में काम करने का अनुरोध किया।

# सूने मकान में चोरी के बाद खाटूश्याम पहुंचे चोर

#### 1,000 किमी दूर से 3 आरोपी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

हीरानगर थाना क्षेत्र में 5 दिन पहले सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवर और नकदी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने करीब 1,000 किलोमीटर दूर खाटूश्याम मंदिर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार शाम आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से 2.85 लाख रुपए कैश और करीब 7.47 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। आरोपियों से अभी पूछताछ और अन्य सामान की बरामदगी की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान की थी। उसे पहले पकड़ा गया, जिसके बाद उसकी निशानदेही और पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों तक पुलिस पहुंची।

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, कियोस्क सेंटर चलाने वाले सहदेव राय घर पर ताला लगाकर दोस्त के यहां गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर कुछ लोग दिखाई दिए, जो उन्हें देखते ही भाग गए। घर की जांच करने पर कमरे में रखी गोदरेज अलमारी का लॉक टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। अलमारी के लॉकर में रखे सोने का टीका, चेन, कान की बालियां, अंगूठियां, नाक की बाली, चांदी की पायल, बिछिया, कटोरी-चम्मच सहित अन्य सामान और गुल्लक में रखी नकदी गायब थी। घटना के बाद हीरानगर पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर आरोपियों की गतिविधियों का पीछा करते हुए पुलिस टीम इंदौर से करीब 1,000 किलोमीटर दूर राजस्थान के खाटूश्याम मंदिर क्षेत्र तक पहुंची।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के सामने विवाद

#### श्याम टेलर को खाना खिलाने घर ले जाने की बात पर दो पक्षों में बहस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शुक्रवार रात इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र के राजमोहल्ला स्थित कॉलोनी में गोगा नवमी के अवसर पर आयोजित छड़ी पूजा में शामिल होने पहुंचे थे। पूजा में करोसिया और बैरवे समाज के लोग मौजूद थे। पूजा संपन्न होने के बाद श्याम टेलर के वहां से निकलने के दौरान एक व्यक्ति द्वारा उन्हें घर ले जाकर खाना खिलाने की बात कहने पर विवाद की स्थिति बन गई।

सूत्रों के मुताबिक, रात करीब 10 बजे श्याम टेलर छड़ी पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कॉलोनी में पहुंचे थे। पूजा पूरी होने के बाद जब वे वहां से रवाना होने लगे, तभी हेमंत नाम के व्यक्ति ने उन्हें अपने घर ले जाकर खाना खिलाने की बात कही। इस पर दूसरे पक्ष के अभिषेक के लोगों ने मना कर दिया।

इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते बहस बढ़ने लगी। मौके पर विवाद की स्थिति बनती देख श्याम टेलर को तत्काल वहां से रवाना कर दिया गया।

श्याम टेलर के मौके से निकलने के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद और बढ़ गया। सूचना मिलने पर मामला मल्हारगंज थाने तक पहुंचा। दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत देने की बात सामने आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को मेडिकल के लिए भेजा है। टीआई नीरज बिरथरे ने विवाद की पुष्टि की है। उनका कहना है कि मारपीट की घटना हुई है, जिसमें आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच थाने के सामने भी बहस हुई थी। इस पर पुलिस ने सभी को मौके से हटा दिया।

इस मामले में युवा मोर्चा के इंदौर अध्यक्ष सौगात मिश्रा से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल नहीं उठाया। वहीं, अन्य पदाधिकारी रजत शर्मा ने बताया कि वह कार्यक्रम में मौजूद थे। उनके मुताबिक, श्याम टेलर के जाने तक वहां कोई विवाद नहीं हुआ था।

### 200 युवक-युवतियां नशे में मिलेः पुलिस ने संचालक पर दर्ज किया केस

# इंदौर के रिसोर्ट में बिना अनुमति चल रही थी पार्टी

#### फ्रेंडशिप डे पर रिसोर्ट में पार्टी, 200 युवक-युवतियां मिले नशे की हालत में

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के शिप्रा स्थित मामा बोका रिसोर्ट में फ्रेंडशिप डे पर चल रही पार्टी में पुलिस ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान करीब 200 युवक-युवतियां नशे की हालत में मिले। पुलिस ने सभी को छोड़ दिया, जबकि रिसोर्ट संचालक विवेक पिता विष्णु पटेल, निवासी डकाच्या के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एसपी (ग्रामीण) राजेंद्र वर्मा को रिसोर्ट में पार्टी आयोजित किए जाने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस के मुताबिक, पार्टी में शराब परोसी जा रही थी और इसमें शामिल होने वाले युवक-युवतियों से मोटी रकम वसूले जाने की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि पार्टी के लिए अनुमति नहीं ली गई थी।



पार्टी के दौरान रिसोर्ट में तेज आवाज में डीजे बज रहा था। अलग-अलग कमरों में युवक-युवतियों के रुके होने की जानकारी भी पुलिस को मिली। रिसोर्ट का डिजिटल रजिस्टर चेक करने पर कई लोगों की एंट्री में आधे-अधूरे नाम दर्ज मिले। कुछ लोगों के आधार कार्ड भी जमा नहीं कराए गए थे।

**रिसोर्ट मालिक ने कहा- पार्टी की परमिशन थी-** रिसोर्ट मालिक हैप्पी जेठवानी ने पुलिस के दावे से अलग बात कही है। उनका कहना है कि रिसोर्ट विवेक को किराए पर दिया गया था। रविवार को आयोजित पार्टी के लिए परमिशन ली गई थी और बार का लाइसेंस भी रिसोर्ट की ओर से लिया गया था। उन्होंने बताया कि पार्टी तय समय पर बंद कर दी गई थी।

### हाईकोर्ट ने कहा-जरूरी तथ्य छिपाए, 20 हजार का जुर्माना, निगम ने जारी किया था नोटिस

# सड़क चौड़ीकरण के खिलाफ केडिया की याचिका खारिज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम की ओर से जारी तोड़फोड़ नोटिस को चुनौती देने वाले आनंद कुमार केडिया को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने मामले से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों और दस्तावेजों का पूरा खुलासा नहीं किया।

जस्टिस संदीप एन. भट्ट की पीठ ने माना कि याचिका में संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट और कोर्ट के पहले के निदेर्शों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया। कोर्ट ने इसे न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की श्रेणी में माना। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से यह कहा गया कि उन्हें कुछ तथ्यों की जानकारी नहीं थी। इसे देखते हुए कोर्ट ने 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

जुर्माने की राशि सात दिन के भीतर मध्यप्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर में जमा करनी होगी। इसकी रसीद हाईकोर्ट रजिस्ट्री में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



याचिका में केडिया की ओर से कहा गया कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग ने वर्ष 2019 में अनुमति दी थी, जबकि नगर निगम ने वर्ष 2020 में भवन निर्माण की अनुमति जारी की थी। इसके बावजूद बाद में इंदौर विकास योजना-2021 के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए उनकी संपत्ति के एक हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

उनकी ओर से आरोप लगाया गया कि सड़क का संरेखण बदल दिया गया और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 14 और 300-ए के तहत मिले अधिकारों का भी हवाला दिया।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के सामने यह तथ्य आया कि पूर्व में कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने और उसे याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। केडिया की ओर से कहा गया कि उन्हें रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि याचिका में इस महत्वपूर्ण तथ्य का पूरा उल्लेख नहीं किया गया था। कोर्ट के मुताबिक, प्रतिवादियों के जवाब से मामले की स्थिति याचिकाकर्ता की ओर से पेश किए गए तथ्यों से अलग सामने आई।

#### 11 अगस्त के तोड़फोड़ नोटिस को दी थी चुनौती

केडिया ने नगर निगम के भवन अधिकारी की ओर से 11 अगस्त 2026 को जारी नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उन्होंने मांग की थी कि नोटिस को रद्द किया जाए और नगर निगम को उनकी संपत्ति पर सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई करने से रोका जाए। केडिया का दावा था कि वे संपत्ति के वैध मालिक हैं और वर्ष 2017 में विक्रय विलेख के जरिए उन्होंने इसे खरीदा था। उनका यह भी कहना था कि बाद में राजस्व अधिकारियों ने संपत्ति का सीमांकन किया था।

#### निगम का जवाब- सरकारी जमीन पर किया कब्जा

नगर निगम ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि केडिया ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। निगम के मुताबिक, सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई इंदौर विकास योजना-2021 के तहत की जा रही है। निगम ने बताया कि सिटी फॉरेस्ट के रास्ते बायपास रोड को लाइटहाउस प्रोजेक्ट और प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़ने के लिए 20 मीटर चौड़ी सड़क का प्रावधान है। निगम के अनुसार, विकास योजना को अंतिम रूप देने से पहले आपत्तियां और सुझाव भी आमंत्रित किए गए थे।

# जबलपुर के गौरीघाट में होमगार्ड्स की मोटरबोट डूबी

## इंजन खराब होने से भरा पानी; 4 की क्षमता, सवार थे 8 जवान, नाविकों ने बचाया

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर



जबलपुर के गौरीघाट में शुक्रवार को नर्मदा नदी में पेट्रोलिंग के दौरान 8 होमगार्ड जवानों से भरी मोटरबोट अचानक डूब गई। बरगी बांध के गेट खुलने के बाद नर्मदा के घाटों पर जारी अलर्ट के तहत टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान मोटरबोट का इंजन खराब हो गया और उसमें पानी भरने लगा।

नर्मदा नदी के बीच बहाव में बोट डूबने लगी तो सवार जवानों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ जवान तैरकर सुरक्षित बाहर निकले, जबकि कुछ को मौके पर मौजूद नाविकों ने बाहर निकाला। सभी जवान सुरक्षित हैं। हादसे में किसी जवान की मौत या घायल होने की जानकारी नहीं है। नर्मदा नदी में पेट्रोलिंग के दौरान 4 की क्षमता वाली बोट में 8 जवान सवार थे। होमगार्ड कमांडेंट नीरज सिंह ठाकुर ने बताया- बरगी बांध के गेट खोले जाने के बाद नर्मदा के घाटों पर अलर्ट जारी किया गया है। होमगार्ड्स की टीम को ग्वारीघाट पर तैनात किया गया है, लेकिन पेट्रोलिंग के दौरान नर्मदा नदी के बीच में इंजन में खराबी आ गई। सभी जवान ड्यूटी पर थे। लाइफ जैकेट पहने हुए थे। घटना के बाद नाव नदी में डूब गई।

उन्होंने बताया कि यह सही है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि चालक की गलती के कारण हादसा हुआ। इस संबंध में चालक से पूछताछ की जा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों के मुताबिक, नाव में 10 से 11 लोग सवार थे।

गौरीघाट थाना प्रभारी के अनुसार, हादसे के समय मोटरबोट को भानु नामक जवान चला रहा था। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, बोट में करीब 8 जवान सवार थे, जबकि उसकी क्षमता केवल 4 लोगों की थी। यानी बोट में निर्धारित क्षमता से करीब दोगुने जवान सवार थे।

### छतरपुर में बारिश से मकान-दीवार गिरने से 2 की मौत

छतरपुर जिले में लगातार हो रही बारिश अब हादसों का कारण बनने लगी है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर मकान और दीवार गिरने की दो घटनाएं हुईं। इन हादसों में दो बुजुर्गों की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गढ़ी मलहरा थाना प्रभारी ओशो गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिंदूरकी गांव में गुरुवार को एक जर्जर मकान की दीवार अचानक गिर गई। मलबे में दबने से 70 वर्षीय लक्ष्मी प्रसाद राजपूत की मौत हो गई। हादसे में तीन बच्चे भी दब गए, यह बच्चे मकान के पास खेल रहे थे। जिनमें 10 वर्षीय धीरेन्द्र राजपूत का पैर टूट गया और उसकी हालत गंभीर है। दो अन्य बच्चों को हल्की चोटें आईं हैं।

### लगातार बारिश से सम्राट अशोक सागर बांध 77.56% भरा

विदिशा जिले में पिछले दो दिनों से मानसून सक्रिय है। शुक्रवार सुबह से शुरू हुई हल्की बारिश शनिवार को भी जारी रही। मौसम विभाग ने जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को जिले में औसतन 21 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1 जून से अब तक जिले में कुल 698.8 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य वार्षिक बारिश 1075.50 मिमी का लगभग 65 प्रतिशत है।

लगातार बारिश के कारण सम्राट अशोक सागर बांध का जलस्तर भी बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह 8 बजे बांध का जलस्तर 458.55 मीटर दर्ज किया गया। बांध में पानी की मात्रा 195.555 एमसीएम हो गई है और जलभराव 77.56 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में यहां 18 मिमी बारिश हुई, जबकि सीजन की कुल बारिश 509 मिमी बताई गई है।

**खतरे के निशान से 20 फीट नीचे-** विदिशा के मुखर्जी पार्क स्थित बेतवा नदी गेज पर जलस्तर 1353.60 फीट दर्ज किया गया। नदी का डेंजर लेवल 1373.64 फीट है। फिलहाल जलस्तर खतरे के निशान से करीब 20 फीट नीचे है। हालांकि, लगातार बारिश और ऊपरी इलाकों से आने वाले पानी पर प्रशासन नजर बनाए हुए है।

जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। ऊपरी इलाकों भोपाल में हो रही बारिश के चलते बेतवा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से नदी, घाट और जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने की अपील की।

**तेज बहाव में जाने से मना किया-** लोगों को नदी के तेज बहाव में जाने या स्नान करने से मना किया गया है। बच्चों और बुजुर्गों को नदी-घाट के पास अकेले नहीं जाने देने की सलाह दी गई है।

### गोली मारकर मूर्तिकार की हत्या

**जबलपुर।** जबलपुर के भानतलैया सिंधी कैंप में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात भगवान गणेश की मूर्ति बना रहे मूर्तिकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 2 से 3 बजे की है। मृतक की पहचान बब्बा उर्फ मनोज सोनकर (48) के रूप में हुई है। शुरूआती जांच में हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक मनोज सोनकर कई साल से सीजन में घर के पास मूर्तियां बनाते थे। शुक्रवार रात वे गणेश प्रतिमा तैयार कर रहे थे। प्रतिमा तैयार करने के बाद जैसे ही वे पंडाल से बाहर निकले, बाइक से आए 2 से 3 युवकों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके पेट में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मूर्ति बना रहे लोग मौके पर पहुंचे। वे मनोज को तत्काल हनुमानताल थाने ले गए। यहां से पुलिस उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

### रायसेन में तेज बारिश, कक्षा 12वीं तक छुट्टी

**रायसेन।** रायसेन जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आगे भी भारी बारिश की आशंका जताई है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने आज (शनिवार) स्कूलों में छुट्टी का ऐलान किया है। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की मंजूरी के बाद जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने शुक्रवार देर शाम इस संबंध में आदेश जारी किया। आदेश के मुताबिक, जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों के लिए अवकाश रहेगा। इसमें प्ले स्कूल, सीबीएसई और अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूल भी शामिल हैं। हालांकि, स्कूलों के शिक्षक और बाकी कर्मचारी तय समय पर स्कूल आएंगे।

### दतिया में नदियां उफान पर, 1.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

**दतिया।** दतिया जिले में लगातार बारिश और बांधों के जलभराव क्षेत्र में पानी की आवक बढ़ने से सिंध, बेतवा और पहूज नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। सिंध नदी में मोहिनी पिकअप और समोहा बांध से कुल 2650 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया है। वहीं राजघाट बांध से शुक्रवार रात 10 बजे पानी की निकासी बढ़ाकर 1.50 लाख क्यूसेक कर दी गई। इसके बाद पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने अगली सूचना तक चंदेरी-ललितपुर मार्ग पर आवाजाही बंद रखने के निर्देश दिए हैं। सिंध नदी में मोहिनी पिकअप से 2274 क्यूमेक्स और समोहा बांध से 380 क्यूमेक्स पानी छोड़ा गया है। दोनों स्थानों से कुल 2650 क्यूमेक्स पानी नदी में पहुंच रहा है। इसके चलते सिंध नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को सनकुआं में सिंध नदी का जलस्तर 134.5 मीटर दर्ज किया गया। पानी की आवक बढ़ने के साथ जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। सनकुआं के घाट भी पानी में डूब गए हैं।

### बुरहानपुर में राशन दुकान पर छापा, स्टॉक में बड़ी गड़बड़ी

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर ग्राम सागफाटा की शासकीय राशन दुकान में राशन की कालाबाजारी की शिकायत के बाद खाद्य विभाग और एसडीएम सृजन श्रीवास्तव ने जांच की। जांच में दुकान पर 42 क्विंटल गेहूं, 9 क्विंटल चावल और 7 किलो शक्कर कम मिली। वहीं नमक की मात्रा अधिक पाई गई। मामले में सेल्समैन अरविंद परते को दुकान से हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। समिति प्रबंधक के अनुसार जल्द ही नया सेल्समैन नियुक्त किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार सेल्समैन इंटरनेट नहीं चलने की बात कहकर दूसरी जगह राशन की पर्ची बनाता था। आरोप है कि इसके बावजूद कई गरीब आदिवासी परिवारों को राशन नहीं दिया गया। रविवार को ग्रामीणों ने मीडिया के सामने इसकी शिकायत की, जिसके बाद मामले की जांच कराई गई।

### मानसून की बेरुखी जारी, अब तक 435.2 मिमी बारिश

मुरैना जिले में इस बार मानसून उम्मीद के मुताबिक बारिश नहीं कर सका है। 1 जून से 4 सितंबर तक जिले में औसतन 435.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह पिछले साल की समान अवधि में हुई 895.4 मिमी बारिश से 460.2 मिमी कम है। जिले की सामान्य औसत वार्षिक बारिश 706.9 मिमी है। 4 सितंबर को जिले में औसतन 30.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। तहसीलवार आंकड़ों में सबलगढ़ में सबसे ज्यादा 48 मिमी बारिश हुई। इसके बाद मुरैना में 31.8, जौरा में 30, अंबाह में 28.6, पोरसा में 25 और कैलारस में 18 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

### रतलाम में आधी रात गूंजे कृष्ण जन्म के जयकारे

रतलाम में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शहर में शुक्रवार रात भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। रात 12 बजते ही मंदिरों में ह्यनंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की और आलकी के पालकी, जय हो नंदलाल की के जयकारे गूंज उठे। भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही भक्त भक्ति में झूम उठे। आरती के बाद कान्हा को पालने में झुलाया गया और प्रसाद चढ़ाया गया।

# दमोह में सरपंच ने कुल्हाड़ी से काटा युवक का हाथ, टुकड़े किए

## किडनैप कर जंगल में पीटा; कटा पंजा पॉलीथीन में भरकर अस्पताल पहुंचा पीड़ित

ब्रह्मास्त्र ›› दमोह

मध्य प्रदेश के दमोह जिले में शुक्रवार दोपहर सरपंच ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी। गाड़ी बनावाओ कहने पर किडनैप कर लिया। सरपंच ने साथियों के साथ जंगल में कुल्हाड़ी से युवक का पंजा काटकर अलग कर दिया। खून से लहूलुहान युवक कटे पंजे को पॉलिथीन में भरकर अस्पताल पहुंचा। वारदात आलमपुर बाईपास की है। बटियागढ़ पुलिस के मुताबिक, घायल की पहचान आलमपुर निवासी 33 वर्षीय गुमान पिता खेत सिंह के रूप में हुई है। घायल युवक को परिजन गंभीर हालत में बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

घायल गुमान ने पुलिस को बताया कि वह खड़ेरी से आलमपुर बाईपास की ओर बाइक से जा रहा था। रास्ते में शौच के लिए रुका था। इसी दौरान दो बाइकों पर छह लोग वहां पहुंचे। मुड़ी आदिवासी ने उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद आलमपुर गांव के सरपंच अजुद्दी आदिवासी ने चार अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। गुमान ने छह आरोपियों को देखा था, लेकिन इनमें से केवल दो को पहचानता है। गुमान ने बताया कि जंगल में अजुद्दी आदिवासी ने उसके हाथ के पंजे पर कुल्हाड़ी से हमला किया। वार इतना गंभीर था



कि पंजा कटकर अलग हो गया। इसके बाद वह किसी तरह कटे पंजे को लेकर वहां से निकला और खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंचा।

बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी डॉक्टर अमन सोनी ने गुमान का प्राथमिक इलाज किया। हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। कटे हुए पंजे को पॉलिथीन में सुरक्षित रखकर घायल के साथ जबलपुर भेजा गया है, ताकि विशेषज्ञ डॉक्टर उसे जोड़ने की कोशिश कर सकें। । सूचना के बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में शामिल लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### एक दिन पहले सरपंच की गाड़ी से हुई थी टक्कर

गुमान के मुताबिक, घटना से एक दिन पहले गुरुवार को उसका सरपंच अजुद्दी आदिवासी से विवाद हुआ था। वह सरपंच को बिजली ऑफिस लेकर गया था। वहां से लौटते समय सरपंच ने ढाबे पर चिकन खाने के लिए कहा। दोनों ने वहां चिकन खाया और फिर आगे चले। गुमान का आरोप है कि वापस लौटते समय सरपंच ने उसकी गाड़ी में टक्कर मार दी। गाड़ी ठीक करवाने के लिए कहने पर उसने मना कर दिया। इसके बाद सरपंच ने उसकी गाड़ी पर पत्थर भी मारा। गुमान के मुताबिक, इसी पुराने विवाद के चलते शुक्रवार को उस पर हमला किया गया। कुल्हाड़ी के वार से युवक का पंजा कटकर अलग हो गया। वह अचेत हो गया। बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली थी कि आलमपुर निवासी गुमान सिंह का किसी व्यक्ति ने हाथ काट दिया है

### नरोत्तम मिश्रा बोले- कृष्ण जैसा बनना आसान नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› दतिया

दतिया शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर आकर्षक सजावट की गई। रात में बड़े गोविंद जी मंदिर से भव्य चल समारोह निकाला गया। भगवान श्रीकृष्ण और राधा की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा बड़े गोविंद जी मंदिर से शुरू होकर किला चौक से तिगलिया होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। चल समारोह में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# बारिश के बीच युवाओं ने फोड़ी मटकी, जन्माष्टमी पर मंदिरों में आकर्षक सजावट





ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शाजापुर में शुक्रवार को जन्माष्टमी पर बारिश के बीच युवाओं ने मटकी फोड़ी। शहर के बस स्टैंड, टेंशन चौराहा और बालवीर हनुमान मंदिर चौराहा समेत कई जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए। युवाओं ने एक-दूसरे के कंधों पर चढ़कर मानव पिरामिड बनाया और कई कोशिशों के बाद मटकी फोड़ी। मटकी टूटते ही कार्यक्रम स्थल तालियों और कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। मटकी फोड़ कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बारिश के बीच युवाओं की टोलियां मैदान में उतरीं। मटकी तक पहुंचने के लिए युवाओं ने कई बार मानव पिरामिड बनाने की कोशिश की। मटकी फूटते ही ह्यहाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की और नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगने लगे। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। जन्माष्टमी के चलते शहर के प्रमुख मंदिरों को सजाया गया था। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां बनाई गईं। दिनभर पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई और लोगों ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। शहर के अलग-अलग मोहल्लों और इलाकों में भी मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए। धार्मिक आयोजनों के साथ इन कार्यक्रमों ने जन्माष्टमी पर शहर में उत्साह का माहौल बना दिया।

### जन्माष्टमी पर मंदिर की पुताई नहीं हुई, विधायक दिव्यराज नाराज

ब्रह्मास्त्र ›› उमरिया

उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व स्थित ऐतिहासिक राम-जानकी मंदिर की जन्माष्टमी पर पुताई नहीं होने पर सिरमौर विधायक और रीवा रियासत के युवराज दिव्यराज सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंदिर की साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन से सवाल किए। दिव्यराज सिंह का कहना है कि 13वीं सदी से भी पुराने मंदिर की नियमित देखरेख होनी चाहिए। दिव्यराज सिंह ने कहा कि मंदिर में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित हैं और यहां नियमित पूजा होती है। ऐसे प्राचीन मंदिर की साफ-सफाई और पुताई का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले रीवा राजघराने की ओर से मंदिर की पुताई और दूसरी व्यवस्थाएं कराई जाती थीं। बाद में इसकी जिम्मेदारी टाइगर रिजर्व प्रबंधन के पास आ गई। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार साल से मंदिर की पुताई नहीं होने की जानकारी मिली है।

## मध्यप्रदेश समेत 7 राज्य शामिल

# न्यायिक अधिकारियों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ी, सुप्रीम कोर्ट ने 60 से 62 साल करने का आदेश

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों की रिटायरमेंट उम्र 60 से बढ़ाकर 62 साल करने का आदेश दिया है। यह आदेश मध्यप्रदेश समेत सात राज्यों में लागू होगा। राज्यों को जल्द से जल्द, संभव हो तो दो महीने के भीतर सेवा नियमों में बदलाव करना होगा।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नियमों में बदलाव होने तक 60 साल की उम्र पूरी करने वाला कोई न्यायिक अधिकारी रिटायर नहीं होगा। हालांकि, इसके लिए संबंधित हाई कोर्ट की ओर से अधिकारी को सेवा के लिए उपयुक्त पाया जाना जरूरी होगा। आदेश का लाभ पहले रिटायर हो चुके न्यायिक अधिकारियों को भी मिलेगा। 31 मार्च 2026 या उसके बाद रिटायर हुए न्यायिक अधिकारी दोबारा सेवा में आने का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए जरूरी होगा कि उन्होंने रिटायरमेंट के बाद कोई दूसरी नौकरी न ली हो। 60 साल की उम्र पूरी होने पर संबंधित हाई कोर्ट उनके कामकाज, योग्यता और प्रदर्शन का आकलन करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यह आदेश मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, सिक्किम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के लिए जारी किया है। अनुभवी न्यायिक अधिकारियों को सेवा में बनाए रखने से खाली पदों के कारण पड़ने वाले असर को कम करने में मदद मिलेगी।

### भिंड में प्रसूता की एंबुलेंस में हुई डिलीवरी

भिंड अटेर क्षेत्र के सुरपुरा गांव से जिला अस्पताल ले जाई जा रही 28 वर्षीय प्रसूता की शुक्रवार रात रास्ते में एंबुलेंस के अंदर ही डिलीवरी हो गई। सोने लाल का पुरा के पास अचानक प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस रोकनी पड़ी। इसके बाद साथ मौजूद परिजन की महिलाओं ने एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव कराया। महिला ने स्वस्थ नवजात बच्चे को जन्म दिया।

## पत्नी के निधन के बाद गरीब बच्चों को पढ़ाना ही बना लिया जिंदगी का उद्देश्य

# ग्वालियर में 500 बच्चों को पढ़ा रहे रिटायर्ड बैंक मैनेजर

ब्रह्मास्त्र ›› ग्वालियर



रिटायरमेंट के बाद जहां ज्यादातर लोग परिवार के साथ समय बिताते हैं, वहीं रिटायर्ड बैंक मैनेजर एमएल अहिरवार ने पत्नी के निधन के बाद अपना जीवन जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया। कोरोना की दूसरी लहर में पत्नी को खोने के बाद वे अकेलेपन और दुख में डूबने के बजाय बच्चों को पढ़ाने से जुड़ गए। करीब छह साल में उनकी पहल झुग्गी-बस्तियों और जरूरतमंद परिवारों के 400 से 500 बच्चों तक पहुंच चुकी है। अहिरवार बताते हैं कि पत्नी का निधन करीब 2 मई 2021 को कोरोना की दूसरी लहर के दौरान हुआ था। इसके बाद जीवन में गहरा खालीपन आ गया। इसी दौरान उनकी मुलाकात शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त ओपी दीक्षित से हुई, जो झुग्गी-बस्तियों के बच्चों को पढ़ाते थे। पत्नी के निधन के करीब चार-पांच महीने बाद वे भी उनके साथ जुड़ गए। शुरूआत में करीब 12-13 बच्चे पढ़ने आते थे। धीरे-धीरे संख्या बढ़ती गई और अब 400 से 500 बच्चे इस पहल से जुड़े हैं। अहिरवार ऐसे बच्चों को पढ़ाते हैं, जिनके माता-पिता मजदूरी या दूसरे कामों में व्यस्त रहने के कारण उनकी पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते। उनका कहना है कि ऐसे बच्चे कई बार दिनभर इधर-उधर घूमते रहते हैं और गलत संगत में पड़ने का खतरा रहता है। टीकमगढ़, छतरपुर और आसपास के इलाकों से काम के लिए आने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चे भी उनके पास पढ़ते हैं। परिवार के लगातार स्थान बदलने से इन बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। उनका प्रयास इन्हें शिक्षा से जोड़े रखना है। बच्चों को पढ़ाने के साथ अहिरवार उन्हें स्टेशनरी और अन्य पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराते हैं। जरूरत पड़ने पर स्कूल फीस में भी अपनी क्षमता के अनुसार मदद करते हैं। कई बार समाजसेवी और संगठन भी इसमें सहयोग करते हैं। कुछ बच्चों का स्कूल में दाखिला भी कराया गया है, ताकि उनकी पढ़ाई जारी रह सके।



### परिवार भी अब साथ

शुरूआत में परिवार के लोगों को उनके बच्चों के बीच अधिक समय बिताने को लेकर चिंता थी, लेकिन काम का असर देखने के बाद परिवार ने पूरा सहयोग किया। उनके बच्चे भी इस पहल में उनका समर्थन करते हैं। अहिरवार कहते हैं कि किसी बच्चे की पढ़ाई जारी रहने और उसके आगे बढ़ने से सबसे ज्यादा संतुष्टि मिलती है। उनका मानना है कि धन का दान जरूरी है, लेकिन विद्या का दान किसी का पूरा जीवन बदल सकता है।

# सीमेंट प्लांट पर 11 घंटे प्रदर्शन 5 लाख रुपए पर बनी सहमति

ब्रह्मास्त्र ›› मैहर

मैहर में सीमेंट प्लांट कर्मचारी संजय पटेल की सड़क हादसे में मौत के बाद शुक्रवार को प्लांट के मुख्य गेट पर परिजनों ने करीब 11 घंटे प्रदर्शन किया। परिजन शव को गेट के सामने रखकर आर्थिक मदद की मांग कर रहे थे। देर शाम मामला तब तनावपूर्ण हो गया, जब उन्होंने गेट के सामने अंतिम संस्कार की तैयारी के लिए लकड़ियां जमा करना शुरू कर दिया। देर रात प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच बातचीत के बाद 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता पर सहमति बनी। कंपनी ने परिजनों को 5 लाख रुपए का चेक दिया, जिसके बाद रात करीब 11:30 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ। संजय पटेल (35) रगौली, उचेहरा, जिला सतना के रहने वाले थे। गुरुवार रात करीब 10 बजे वे घर से सीमेंट प्लांट में ड्यूटी के लिए बाइक से निकले थे। कटिया कला के पास एक बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले मैहर अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सतना रेफर किया गया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

संजय की मौत की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे परिजन और अन्य लोग शव लेकर सीमेंट प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंचे।

शव गेट के सामने रखकर उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की मांग थी कि कंपनी की ओर से परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेत्री डॉ. रश्मि सिंह ने किया। स्थिति को देखते हुए प्लांट गेट पर पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शन कई घंटे तक चलता रहा। शाम तक मांग पूरी नहीं होने पर परिजन गेट के सामने ही अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुट गए।

# अरबाज-मलाइका के बेटे के डेब्यू में सलमान का कैमियो



अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान जल्द ही बतौर हीरो बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। सलमान खान अपने भतीजे की इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। जाहिर है, फिल्म में सलमान की मौजूदगी से अरहान के डेब्यू को बड़ा सपोर्ट मिल सकता है।

हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब सलमान खान ने अपने परिवार के किसी सदस्य के करियर को सपोर्ट करने के लिए फिल्मों में काम किया हो। सोहेल खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म हो या उनका डायरेक्शन में कमबैक, सलमान ने दोनों मौकों पर भाई का साथ दिया और उनकी फिल्मों में लीड रोल कर कमान संभाली। वहीं, जब अरबाज खान की बतौर लीड एक्टर फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही थीं, तब सलमान ने उन्हें अपनी फिल्मों में काम दिया और बाद में प्रोडक्शन और डायरेक्शन की दूसरी पारी में भी उनका साथ दिया।

इतना ही नहीं, सलमान ने अपनी बहन अर्पिता खान शर्मा के पति आयुष शर्मा और बहन अलविरा अग्निहोत्री की बेटी अलिजेह अग्निहोत्री को भी अपने प्रोडक्शन हाउस के जरिए लॉन्च किया। अरहान खान के बॉलीवुड डेब्यू से पहले जानते हैं कि सलमान खान ने कब-कब अपने परिवार के सदस्यों के करियर को सपोर्ट किया-

### सोहेल खान के डायरेक्टोरियल डेब्यू का हिस्सा बने सलमान

सोहेल खान ने साल 1997 में फिल्म ह्यऔजारह्व से बतौर डायरेक्टर करियर की शुरूआत की थी। फिल्म में सलमान खान ने लीड रोल निभाया था। करीब 5 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल नहीं कर सकी।

## मनोज बाजपेयी की चप्पल रख ली थी, प्रदर्शन के चलते 7 दिन जेल में भी बिताए थे

# कभी होटल में काम करते थे पंकज त्रिपाठी



दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी का आज 50वां जन्मदिन है। पंकज त्रिपाठी उन कलाकारों में गिने जाते हैं जिन्होंने बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के अपनी अलग पहचान बनाई। बिहार के गोपालगंज जिले के बेलसंड गांव से निकलकर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा तक पहुंचे पंकज ने फिल्मों में छोटे-छोटे किरदारों से शुरूआत की और वर्तमान समय के हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित अभिनेताओं में से एक हैं।

पंकज की जिंदगी से जुड़ा एक इमोशनल किस्सा अभिनेता मनोज बाजपेयी से भी जुड़ा है। जब पंकज ने मनोज की चप्पल अपने पास रख ली थी। दरअसल, फिल्मों में पहचान बनाने से पहले पंकज त्रिपाठी पटना के होटल मौर्य की किचन में सुपरवाइजर के तौर पर काम करते थे। वह होटल में काम करने के साथ-साथ थिएटर भी किया करते थे। पंकज ने कपिल शर्मा के शो में बताया था कि वो मनोज बाजपेयी के बहुत बड़े फैन थे। उन्हें जब पता चला कि मनोज बाजपेयी होटल में रुके हुए हैं, तो उन्होंने होटल के स्टाफ से कहा था कि मनोज बाजपेयी के रूम से कोई भी ऑर्डर आए तो सीधे उनको बताना। जब मनोज के कमरे से ऑर्डर आया तब पंकज ने होटल में मौजूद ढेर सारे सेबों में से सबसे अच्छे सेब चुनवाए और उन्हें अच्छी तरह पैक करवाकर एक्टर के कमरे में भेजा था।

इसके साथ ही उन्होंने वेटर से कह दिया था कि मनोज जी से कहना कि एक लड़का उनसे मिलना चाहता है और वह थिएटर करता है। इसके बाद पंकज खुद मनोज के कमरे में पहुंचे। उन्होंने मनोज को प्रणाम किया, पैर छुए और बताया कि वह भी थिएटर करते हैं। कुछ देर उनसे मिलने के बाद पंकज वहां से वापस आ गए।

### मनोज की चप्पल होटल में छूट गई थी

पंकज ने बताया था कि अगले दिन सुबह मनोज बाजपेयी होटल से चेकआउट करके एयरपोर्ट के लिए निकल गए हालांकि, मनोज की एक हवाई चप्पल होटल के कमरे में छूट गई। जिसके बाद हाउसकीपिंग के कर्मचारी ने पंकज से कहा, तुम्हारे मनोज बाजपेयी चप्पल छोड़ गए हैं। यह सुनते ही पंकज ने कहा कि चप्पल हाउसकीपिंग में जमा मत करो, उन्हें दे दो। इसके पीछे की वजह बताते हुए पंकज ने कहा था, एकलव्य की तरह अगर मैं इनके खड़ाऊं में अपना पैर डाल लूंगा... यह कहते-कहते पंकज शो में भावुक हो गए थे। उनकी आंखों से आंसू निकल आए थे।

### पंकज की जिंदगी में एक नहीं, दो जन्मतिथियां

पंकज त्रिपाठी की जन्मतिथि को लेकर भी एक दिलचस्प किस्सा है। दस्तावेजों और कई आधिकारिक प्रोफाइल में उनकी जन्मतिथि 5 सितंबर 1976 दर्ज है। हालांकि, पंकज ने खुद बताया था कि उनका जन्म वास्तव में 28 सितंबर 1976 को हुआ था। उन्होंने बताया था कि बचपन में स्कूल में नामांकन के दौरान उनके भाई से जन्मतिथि पूछी गई थी। भाई को सही तारीख याद नहीं थी, इसलिए 5 सितंबर दर्ज हो गया। जिसके चलते यही तारीख उनकी जन्मतिथि बन गई। कॉलेज के दिनों में पंकज त्रिपाठी का सामना जेल से भी हुआ था। साल 1993 में वह छात्र राजनीति से जुड़े थे और एक आंदोलन के दौरान उन्हें पटना की बेऊर जेल में करीब सात दिन बिताने पड़े। दरअसल, मधुबनी में छात्रों पर हुई गोलीबारी के विरोध में उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया था। जिसके चलते उन्हें राजनीतिक कैदी के रूप में जेल में रहना पड़ा था। जेल में बिताए इन सात दिनों ने पंकज की सोच पर गहरा असर डाला। इसी दौरान उन्हें किताबें पढ़ने का शौक लगा। जेल में बंद अलग-अलग लोगों और उनके स्वभाव को करीब से देखने का मौका मिला, जिसे बाद में उन्होंने अपने अभिनय और किरदारों को समझने में भी इस्तेमाल किया।

# मिस वर्ल्ड 2026 का फिनाले आज वियतनाम में:निकिता पोरवाल करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



मिस वर्ल्ड 2026 का ग्रैंड फिनाले आज वियतनाम में होगा। इस प्रतियोगिता में निकिता पोरवाल भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भारत में इस पेजेंट का प्रसारण जियाहॉटस्टार३ पर होगा।

लाइवस्ट्रीम शाम 5:30 बजे से शुरू होगा। फिनाले वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में होगा। ब्यूटी पेजेंट का यह 73वां संस्करण है और यह इस संस्था की 75वीं वर्षगांठ का जश्न है।

पिछले साल ओपल सुचाता ने खिताब जीता था। मिस वर्ल्ड 2025 का फिनाले पिछले साल 31 मई 2025 को हैदराबाद के हाइटेक्स एग्जीबिशन सेंटर में हुआ था। इस मुकाबले में 108 देशों की कंटेस्टेंट्स ने हिस्सा लिया था। थाइलैंड की ओपल सुचाता चुआंगश्री ने मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब अपने नाम किया था। इथियोपिया की हासेट डेरेज फर्स्ट रनर-अप रही थीं। पोलैंड की माजा क्लाज्दा सेकेंड रनर-अप और मार्टिनिक की ओरेली जोआचिम थर्ड रनर-अप रही थीं। पिछले साल भारत की नंदिनी गुप्ता प्रतियोगिता में टॉप-20 तक पहुंची थीं।



# सलमान खान ने कैफे को दी चेतावनी:बोले- हाइजीन मेंटेन रखना, वरना उनको भेज दूंगा

सलमान खान ने अपनी दोस्त सृष्टि साहनी के मुंबई के बांद्रा में खुले नए कैफे 'द टक शॉप एट सेवियोज' का वीडियो शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया। साथ ही सलमान ने दोस्त को कैफे की हाइजीन बनाए रखने की मजाकिया अंदाज में चेतावनी दी।

सलमान ने लिखा, सृष्टि मेरी कॉफी रिफिल करना प्लीज। कीमत मत बढ़ाना, क्वालिटी मेंटेन करना। हाइजीन मेंटेन रखना, वरना मैं HIM को भेज दूंगा और काम हो जाएगा, बहन। सलमान ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन "HIM" का इशारा महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कमिश्नर तुकाराम मुंढे की ओर माना जा रहा है। यह बात ऐसे समय में आई है, जब महाराष्ट्र में फूड सेफ्टी को लेकर कार्रवाई तेज है। सलमान ने अपने मशहूर इट्स डन, ब्रो कैचफ्रेज को भी अलग अंदाज में इस्तेमाल किया। उन्होंने मैसेज के आखिर में इट्स डन, सिस लिखा। सलमान की चेतावनी महाराष्ट्र में खाने-पीने की जगहों पर बढ़ी निगरानी के बीच आई। पिछले कुछ महीनों में फूड सेफ्टी, हाइजीन और लाइसेंस से जुड़े उल्लंघनों को लेकर रेस्टोरेंट्स और दूसरे संस्थानों पर जांच और कार्रवाई तेज की है।

### 'हिंदू धर्म क्या आप भूल गईं':शर्मिला टैगोर की वंदे मातरम् पर टिप्पणी पर भड़के मुकेश खन्ना

सीनियर एक्टर मुकेश खन्ना ने वंदे मातरम् को लेकर सीनियर एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शर्मिला के पूरे गीत के बजाय शुरुआती अंतरों को गाने के सुझाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि वो आयशा बेगम बनकर बात कर रही हैं। द फ्री प्रेस जर्नल से बातचीत के दौरान मुकेश खन्ना से शर्मिला टैगोर के कथित सुझाव को लेकर कहा, वह अपनी समझ के हिसाब से बोल रही हैं। मुझे नहीं पता कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा। शायद अपनी बात समझाते हुए उनके मुंह से यह निकल गया कि दूसरे धर्मों के लोग इसे समझ या स्वीकार नहीं कर पाएंगे। मुकेश खन्ना ने कहा, आप बंगाल में पली-बढ़ी हैं, जहां काली पूजा इतने बड़े स्तर पर मनाई जाती है। आप बंगाली संस्कृति और बंगाली फिल्मों के बीच बड़ी हुई हैं। फिर आज आपको समझ में आ रहा है कि एक धर्म वाला इसको एक्सेप्ट नहीं करे।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

जज : घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर : साहब, आपकी नौकरी अच्छी है, और सैलरी भी अच्छी है, आप ये सब सीख कर क्या करोगे?



पति- पानी लेके आओ..
पत्नी- क्यों ना आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति- वाह वाह...!
मुंह में पानी आ गया..
पत्नी- आ गया ना मुंह में पानी
बस इसी से काम चला लो..

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 53 | | 2 | | 4 | = | 71 |
| | | | | | | | | |
| 66 | | 43 | | 4 | | 5 | = | 22 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 1 | | 5 | | 4 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 4 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 25 | | 20 | | 5 | | 4 | = | |

### संकेत

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | ह | आ | ल | म | आ | रा | म |
| ग | खु | क | दू | म | जी | ने | शि | या | इ | द |
| ले | पी | जा | क | दि | ग | वा | द | ह | प | र |
| आ | ज | ए | रा | ल | दे | व | दा | स | लि | ई |
| ज | आ | रा | ल | दे | ब्ले | ला | कि | यो | प | हि |
| म | इ | वा | मो | हु | प | क | सी | ह | जी | या |
| न | अ | ल | रा | के | मा | जो | न | व | प | कि |
| क | रि | ल | र | स | र | प्या | सा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | वे | ब | न | ज | जी | व | जू | डी |
| र | ग | ल | मो | म | व | शि | का | री | क | ल |
| वां | दो | बी | धा | ज | मी | न | स | यु | रा | ल |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 1 | 6 | | 5 | 4 |
| 2 | 34 | | 30 | 4 | 28 | |
| | 5 | | 3 | | 7 | 1 |
| 3 | 30 | | 32 | 6 | 39 | |
| 1 | | 2 | | 5 | | |
| | 28 | | 33 | 7 | 38 | 3 |
| 4 | | 3 | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 45 | + | 2 | - | 20 | = | 47 |
| + | | + | | x | | + | | + |
| 64 | - | 55 | + | 47 | - | 35 | = | 21 |
| - | | - | | - | | + | | + |
| 75 | - | 56 | + | 60 | - | 7 | = | 72 |
| + | | + | | + | | - | | + |
| 50 | + | 2 | + | 2 | - | 20 | = | 7 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 59 | - | 22 | + | 36 | - | 42 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 32 | 7 | 32 | 1 | 30 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 2 | 22 | 3 | 37 | 7 | 39 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 34 | 1 | 34 | 5 | 28 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

### शब्दजाल का हल



## वर्ग पहेली





### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## सूडोकु नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## केरलम में लॉरी से टकराई कार, 8 की मौतःमृतकों में तमिलनाडु के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स;

**त्रिशूर।** केरलम के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात एक कार हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में कार सवार 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा रात करीब 11:40 बजे कैपामंगलम के पनंबिकुन्नू में हुआ। पुलिस ने बताया कि कार तमिलनाडु नंबर की थी और उसमें सवार ज्यादातर लोग डिंडीगुल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शवों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा। हादसे के बाद शव कार में बुरी तरह फंस गए थे। गाड़ी पर मृतकों के कपड़े और खून के धब्बे दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि कार गुरुवायुर की तरफ से कोडुंगल्लूर जा रही थी। इसी दौरान पनंबिकुन्नू सेंटर के पास वह सड़क किनारे खड़ी मालवाहक लॉरी के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ। उसमें फंसे लोगों को स्थानीय लोगों, पुलिस और दमकल-बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाहर निकाला। सभी शवों को त्रिशूर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भेज दिया गया है। पुलिस मृतकों की पहचान और हादसे की वजह की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अभी मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## तमिलनाडु में फोन बैन होने से युवा मंदिरों से दूरःश्रद्धालु 20% तक घटे

**कांचीपुरम।** तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित देवराजस्वामी अथि वरदराज मंदिर में मोबाइल बैन के बाद नजारा बदल गया है। ध्वजस्तंभ के पास, जहां पहले युवा सेल्फी लेते दिखते थे, अब ज्यादातर बुजुर्ग श्रद्धालु नजर आ रहे हैं। मोबाइल जमा करने वाले काउंटर पर पहले दिन लंबी लाइन थी, लेकिन अब वहां भी मिडिल एज और बुजुर्गों की संख्या ज्यादा है। इससे संकेत मिल रहा है कि कई युवा मंदिर आना कम कर रहे हैं। यह स्थिति सिर्फ वरदराज मंदिर की नहीं है। राज्य के कई बड़े मंदिरों में भी ऐसा ही असर दिख रहा है। मंदिर प्रशासन के मुताबिक नियम लागू होने के बाद रोजाना संख्या 20 प्रतिशत तक कम हुआ है। कमी सबसे ज्यादा युवाओं में दिख रही है, जो पहले दर्शन के साथ-साथ फोटो, वीडियो और सोशल मीडिया कंटेंट के लिए भी आते थे। दरअसल, तमिलनाडु के 52 बड़े मंदिरों में 1 सितंबर से मोबाइल फोन पर बैन लागू किया गया है। मंदिर में प्रवेश से पहले स्मार्टफोन काउंटर पर जमा करना होगा। इसके लिए हर फोन पर 5 रुपए चार्ज देना होगा।

## जस्टिस भुइयां बोले- प्रदर्शनकारियों पर अफसरों का हमला बेहद दुखद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने जंतर-मंतर प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों पर प्रदर्शनकारियों से मारपीट के आरोपों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जब आईपीएस अधिकारी खुद प्रदर्शनकारियों पर हमला करते दिखाई देते हैं, तो यह बेहद दुखद है। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पुलिस से जिस निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है, वह कहीं गायब होती दिख रही है। पुलिस को अपना रवैया बदला होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हिरासत में मौत और फर्जी एनकाउंटर गंभीर अपराध हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा कि सड़क पर तैनात पुलिसकर्मी आम लोगों के लिए राज्य की शक्ति का प्रतीक होता है। किसी परेशानी में नागरिक मदद के लिए पुलिस के पास जाता है, इसलिए पुलिस पर भरोसा बनाए रखना जरूरी है। जस्टिस भुइयां ने हिरासत में यातना और मौत के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में हिरासत में मौत बेहद गंभीर अपराध है। किसी भी स्थिति में पुलिस किसी व्यक्ति के साथ यातना या अमानवीय व्यवहार नहीं कर सकती। उन्होंने 1997 के डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल मामले का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म नहीं होते। उन्होंने सवाल किया कि क्या पुलिस की गिरफ्तारी के बाद किसी व्यक्ति का जीवन का अधिकार खत्म हो जाता है? उन्होंने कहा, इसका जवाब साफ है- नहीं। जस्टिस भुइयां ने कहा कि डीके बसु मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी और पूछताछ के दौरान पुलिस के लिए कई नियम तय किए थे। मानवाधिकारों के उल्लंघन पर पीड़ित को मुआवजा देने की बात भी कही गई थी। उन्होंने कहा कि जब सरकारी अधिकारी ही कानून तोड़ते हैं, तो लोगों का कानून पर भरोसा कम होता है और अराजकता बढ़ती है। सभ्य समाज में ऐसी स्थिति स्वीकार नहीं की जा सकती।

## महाराष्ट्र में नवरात्रि पर गरबा में मुस्लिम बैनःआधार कार्ड जांच और तिलक से पहचान के बाद एंट्री

**अहमदाबाद।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने महाराष्ट्र में नवरात्रि के दौरान गरबा-डांडिया में मुस्लिमों को शामिल नहीं होने देने का फैसला किया है। विहिप ने आयोजकों के लिए नियम तय किए हैं। इनमें आने वालों के आधार कार्ड की जांच और हिंदू पहचान की पुष्टि के लिए माथे पर तिलक लगाने को कहा गया है। राज्य में नवरात्रि में एक लाख से ज्यादा जगहों पर गरबा होता है। विहिप ने कहा- लव जिहाद रोकने के लिए नियम बनाए गए हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संयुक्त सचिव श्रीराज नायर ने कहा- नवरात्रि सिर्फ नाच-गाने का आयोजन नहीं, बल्कि देवी की आराधना का पर्व है। पाबंदियों का मकसद किसी समुदाय का विरोध नहीं है। विहिप इन्हें एहतियाती कदम मानता है। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कराने के लिए गरबा मंडपों में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के निगरानी दस्ते तैनात रहेंगे। महाराष्ट्र में 25 से 30 हजार सार्वजनिक गरबा मंडल हैं। मुंबई महानगर में 3 हजार से ज्यादा हैं। मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई में 50 से 70 बड़े मैदानों पर व्यावसायिक आयोजन होते हैं। इनमें रोज 10 से 40 हजार लोग जुटते हैं। नवरात्रि में गरबा कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों के शामिल होने के मामले सामने आते रहे हैं। कई बार पहचान छिपाकर गरबा में आने की शिकायतें भी हुई हैं। मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की पहचान पत्र जांच की अपील के बाद कई गरबा आयोजकों ने गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाई थी। इंदौर में कुछ लोगों पर पहचान छिपाकर पंडाल में घुसने का आरोप लगा और पुलिस ने गिरफ्तारियां कीं।

## मोहन भागवत लंदन के मंदिर-गुरुद्वारे पहुंचे, ब्रिटेन के 20 संगठनों ने मेयर को लेटर लिखा

**लंदन।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को लंदन के मंदिरों और गुरुद्वारे के दौरे के साथ अपने ब्रिटेन दौरे की शुरूआत की। भागवत ब्रिटेन में धर्मगुरुओं, शिक्षाविदों, रिसर्चर्स और अन्य प्रमुख लोगों से मिलेंगे। ब्रिटेन दौरे के समन्वयक संगठन इंटीग्रल वङ के संयोजक रोहित अंबेकर बताया कि यहां भागवत ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्ण यानी पूरी दुनिया एक परिवार है का संदेश साझा करेंगे। लंदन का कार्यक्रम फ्र्र की शताब्दी वर्ष से जुड़े आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा है।भागवत 17 दिन के विदेश दौरे पर हैं। वे 25 अगस्त को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। इसके बाद वे कनाडा गए थे। हालांकि ब्रिटेन के 20 सिविल सोसाइटी संगठनों ने लंदन के मेयर सादिक खान को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने की मांग की है। अंतरधार्मिक संवाद के तहत भागवत विल्सडन के श्री स्वामीनारायण मंदिर और खालसा जथा ब्रिटिश आइल्स गुरुद्वारा जा चुके हैं। उन्हें लंदन के एक जैन मंदिर में भी जाना है। ब्रिटेन दौरे का मुख्य कार्यक्रम रविवार को होगा। इसमें सेलिब्रेशन ऑफ वननेस थीम पर सामुदायिक नेताओं का स्वागत समारोह और सभ्यतागत संवाद रखा गया है।

# दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया के सैन्य अड्डे में जोरदार धमाका



## 10 से ज्यादा लोगों की मौत, 58 घायल; पटाखे रखने वाली जगह में हुआ विस्फोट

**ब्रह्मास्त्र ›› बोलीविया**

दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया के पश्चिमी शहर वियाचा में शुक्रवार को एक सैन्य अड्डे पर जोरदार विस्फोट हुआ। हादसे में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 58 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, मरने वालों की संख्या 10 से 15 के बीच हो सकती है।



बोलीविया के रक्षा मंत्री अर्नेस्टो जस्टिनियानो ने बताया कि घायलों में ज्यादातर 52 आम नागरिक हैं, जबकि बाकी सैन्यकर्मी हैं। रक्षा मंत्री के मुताबिक, विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे उस जगह हुआ, जहां पटाखे रखे गए थे।

हादसे के बाद बचाव दल घायलों का इलाज करने के साथ उनके परिवारों की मदद में जुट गए। अधिकारियों ने विस्फोट की वजह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। वियाचा की आबादी करीब 1 लाख है। यह शहर बोलीविया की प्रशासनिक राजधानी ला पाज से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।

## नेपाल के दाचुर्ला में लैंडस्लाइड, निचले इलाकों में अलर्ट

### 'त्रिशूली से 3 और भारतीयों का रेस्क्यू; बाढ़ में अबतक 1300 की मौत, 5 हजार लापता

**ब्रह्मास्त्र ›› काठमांडू**

नेपाल के दाचुर्ला जिले में शुक्रवार को भारी भूस्खलन के बाद चौलानी नदी का रास्ता बंद हो गया। निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। नदी का प्रवाह प्रभावित होने से आसपास के इलाकों में खतरा बढ़ गया है। वहीं, 26 अगस्त की बाढ़-लैंडस्लाइड के बाद से राहत-बचाव कार्य जारी है। त्रिशूली बाजार इलाके से 5 साल का बच्चे समेत तीन भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 275 अब भी लापता हैं।



इससे पहले शुक्रवार को बाढ़ के 9 दिन बाद त्रिशूली-3 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग से 2 मजदूर जिंदा निकाले गए हैं। 40 लोग अब भी फंसे हैं। बाढ़ से प्रभावित जलविद्युत परियोजनाओं में करीब 900 मजदूर लापता हैं। इनमें लगभग 500 के सुरंगों में फंसे होने की आशंका है। नेपाल में अब तक करीब 1300 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि राहत और बचाव दलों ने 12 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला है। फिलहाल 5300 से ज्यादा लोग लापता हैं। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ से 32,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, 26 अगस्त को बाढ़ आने के बाद से भारत ने नेपाल को करीब 95 टन राहत सामग्री भेजी है। यह सामग्री 7 विमानों के जरिए पहुंचाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अगस्त को नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह से बात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। इसके कुछ घंटे बाद भारत ने राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी थी।

भारत ने राहत-बचाव के लिए 54 विशेषज्ञों को भी नेपाल भेजा है। इनमें 30 सुरंग बचाव विशेषज्ञ, 19 फोरेंसिक विशेषज्ञ और 5 सदस्यीय मेडिकल टीम शामिल है। भारतीय टीमें नेपाल के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि चीन से 1,907 भारतीय नागरिक सुरक्षित नेपाल पहुंच चुके हैं। चीन के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में अब कोई भारतीय यात्री फंसा नहीं है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ से मुख्य रूप से मध्य नेपाल में 35 मोटरेबल ब्रिज, 45 सस्पेंशन ब्रिज और करीब 40 किलोमीटर पक्की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## यमन में हूती विद्रोहियों के हमले में 129 की मौत, बाब अल-मंदब पर कब्जे की कोशिश



**ब्रह्मास्त्र ›› यमन**

यमन में हूती विद्रोहियों और सरकारी फोर्स के बीच भीषण लड़ाई में 129 लोगों की मौत हुई है। यह हाल के वर्षों में यमन में हुई सबसे घातक झड़पों में से एक है। हूती विद्रोही लाल सागर के प्रवेश द्वार माने जाने वाले बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के करीब अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

लड़ाई गुरुवार को शुरू हुई। हूतियों ने तटीय इलाकों के पास जमीनी हमला करने के साथ रॉकेट और ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। इस दौरान उन्होंने लाल सागर के किनारे कई रणनीतिक ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया। इन इलाकों से मोखा बंदरगाह और समुद्री रास्ते पर नजर रखना आसान है। एएफपी के मुताबिक यमनी सेना के एक अधिकारी ने बताया कि उसके 66 जवान मारे गए हैं। वहीं हूती विद्रोहियों से जुड़े सूत्रों ने कम से कम 62 विद्रोहियों के मारे जाने का दावा किया है। एक नागरिक की भी मौत हुई है।

इस तरह अलग-अलग पक्षों से सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, लड़ाई में मरने वालों की संख्या 120 से ज्यादा हो गई है। हालांकि, इन आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

बाब अल-मंदेब लाल सागर को अदन की खाड़ी और आगे हिंद महासागर से जोड़ने वाला बेहद अहम समुद्री रास्ता है। इसके उत्तर में लाल सागर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर से जुड़ता है। इस रास्ते से बड़ी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा की आवाजाही होती है। इसलिए यहां लंबे समय तक संघर्ष या समुद्री रास्ते में किसी तरह की रुकावट का असर सिर्फ यमन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी पड़ सकता है। मौजूदा हमले में हूतियों का फोकस मोखा बंदरगाह और उसके आसपास के इलाकों पर भी है। रणनीतिक ऊंचाइयों पर कब्जे से उन्हें तटीय इलाके में सरकारी बलों पर दबाव बनाने और मोखा तथा बाब अल-मंदेब की तरफ जाने वाले रास्तों पर नजर रखने में मदद मिल सकती है।

सैन्य सूत्रों के मुताबिक, हूतियों ने लाल सागर के पास और ताइज शहर के आसपास कई ऊंचाई वाले ठिकानों पर कब्जा किया है।

### सरकार ने हूती विद्रोहियों से लड़ने सेना भेजी




हूती विद्रोहियों की बढ़त को देखते हुए यमनी सरकार ने भी ताइज में अतिरिक्त सैनिक भेजे हैं। एक यमनी अधिकारी के मुताबिक, सरकार ने सऊदी अरब के कहने पर अदन से ताइज के लिए सैनिक भेजे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर हूती मोखा बंदरगाह या बाब अल-मंदेब के आसपास के रणनीतिक इलाकों पर अपनी पकड़ मजबूत कर लेते हैं, तो इससे यमनी सरकार और सऊदी अरब के साथ किसी भी बातचीत में उनकी स्थिति मजबूत हो सकती है।

## बेल्जियम प्रधानमंत्री बोले- पीएम मोदी ने चेताया था, हमने नहीं सुनी

### चीन-अमेरिका पर निर्भरता भारी पड़ रही, यूरोप खुद की हिफाजत भी नहीं कर सकता

**ब्रह्मास्त्र ›› बेल्जियम**

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने गुरुवार को कहा कि यूरोप को अब आर्थिक निर्भरता का खतरा समझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप को इस बारे में काफी पहले चेताया था। दिल्ली में सीआईआई के कार्यक्रम में उन्होंने कहा- दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन यूरोप इस बदलाव के साथ कदम नहीं मिला पा रहा। वह बूढ़ा हो चुका है।



वेवर के मुताबिक चीन और अमेरिका, यूरोप से बहुत आगे निकल चुके हैं। इनोवेशन और प्रोडक्टिविटी में यूरोप बहुत पीछे चला गया है, इसलिए उसे हर तरफ से झटके लग रहे हैं। वह खुद की भी हिफाजत नहीं कर सकता। डी वेवर ने कहा कि यूरोप की कमजोरी सिर्फ अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी खुद उठाने की स्थिति में भी नहीं हैं। यूरोप को हर समय अपमानित होना पड़ता है।

वेवर का यह बयान ऐसे समय आया है, जब यूरोपीय देशों पर अपनी सुरक्षा का ज्यादा जिम्मा खुद उठाने का दबाव बढ़ रहा है। ट्रम्प लंबे समय से NATO के यूरोपीय देशों से रक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने को कहते रहे हैं। 2017 से उन्होंने NATO देशों को अपनी GDP का कम से कम 2% रक्षा पर खर्च करने पर जोर दिया। 2018 में उन्होंने इसे बढ़ाकर 4% करने की बात कही। इसके बाद 2025 में NATO देशों ने 2035 तक रक्षा और सुरक्षा पर GDP का 5% खर्च करने का लक्ष्य तय किया। वेवर ने कहा- अब हम सुन रहे हैं। यूरोप को यह समझ थोड़ी देर से आई है, लेकिन अब यह बदलाव हो रहा है। उन्होंने यूरोप की इस स्थिति को रूड अवेकनिंग यानी कड़वी हकीकत से जागना बताया।

## पाकिस्तान का 100 साल पुराना हिंदू मंदिर गिराने से इनकार, कहा- बारिश की वजह से टूटा

**ब्रह्मास्त्र ›› कराची**

पाकिस्तान ने पंजाब प्रांत में करीब 100 साल पुराने हिंदू मंदिर गिराए जाने की खबरों को गलत बताया है। उसका कहना है कि 21 जुलाई को भारी बारिश के कारण मंदिर क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था।

वहीं, स्थानीय लोगों और हिंदू समुदाय के प्रतिनिधियों का आरोप है कि मंदिर को जानबूझकर गिराया गया और उसकी जमीन पास के मदरसे के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई। दूसरी ओर, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मंदिर की इमारत को 21 अगस्त को गिराया गया। दोनों तारीखों के बीच करीब एक महीने का अंतर है। इसी वजह से मंदिर गिराए जाने की घटना को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पाकिस्तान मसिहा मिल्लत पार्टी, स्थानीय लोगों और हिंदू समुदाय ने आरोप लगाया था कि मंदिर को स्थानीय मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने गिराया। इन लोगों ने इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान से जुड़े लोगों की भूमिका होने का भी आरोप लगाया है।



**भारत ने मंदिर गिराए जाने की निंदा की-** मामला सामने आने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने 2 सितंबर को इसकी निंदा की थी। भारत ने कहा था कि मंदिर की सुरक्षा के लिए स्थानीय अधिकारियों ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जो चिंता की बात है। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यह घटना पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की स्थिति पर सवाल खड़े करती है। भारत के बयान के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने भारत के आरोपों को झूठा और राजनीतिक मकसद से लगाया गया बताया।

# ट्रम्प ने ईरान के परमाणु-ठिकाने पर हमले की धमकी दी

### कहा- ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देंगे, खुफिया निगरानी जारी

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बेहद सुरक्षित भूमिगत परमाणु ठिकाने पिकैक्स माउंटेन पर जल्द जोरदार हमला करने की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि अगर इस जगह पर किसी तरह की गतिविधि दिखाई दी तो अमेरिका इसे निशाना बना सकता है।



उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस ठिकाने पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ पिछले पांच महीने से चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान का बचाव किया। उन्होंने कहा कि अभियान का सबसे बड़ा मकसद ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। पिकैक्स माउंटेन ईरान के नतांज यूरेनियम संवर्धन केंद्र के पास स्थित है। नतांज पर पहले ही भारी नुकसान हो चुका है। यह जमीन के अंदर बना बेहद मजबूत और सुरक्षित परिसर है। इसमें जमीन के काफी नीचे दो बड़े सुरंग सिस्टम बताए जाते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली खुफिया अधिकारियों का मानना है कि ईरान ने हजारों सेंट्रीफ्यूज इस गहरे भूमिगत ठिकाने पर पहुंचा दिए हैं। सेंट्रीफ्यूज का इस्तेमाल यूरेनियम को संवर्धित करने के लिए किया जाता है।

पिकैक्स माउंटेन जमीन के काफी नीचे होने की वजह से सामान्य हवाई हमलों से इसे नुकसान पहुंचाना मुश्किल है। ऐसे में अगर अमेरिका इस ठिकाने पर हमला करता है तो यह ईरान के परमाणु ठिकानों के खिलाफ चल रहे अभियान को और बड़ा रूप दे सकता है। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की वजह से पश्चिम एशिया में बड़ा युद्ध होने से बचा है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ने कार्रवाई नहीं की होती तो इजराइल और पूरे पश्चिम एशिया को ज्यादा गंभीर खतरे का सामना करना पड़ता। ट्रम्प ने कहा, अगर हम वहां नहीं जाते तो आज इजराइल नहीं होता, मध्य पूर्व नहीं होता और वे शायद इसके बाद यूरोप और हमारे शहरों को निशाना बनाते।

## ट्रम्प का दावा- ईरान के रडार दो बार तबाह किए

ट्रम्प ने ईरान के रडार सिस्टम पर किए गए हालिया अमेरिकी हमलों के बारे में भी बात की। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के बेहद आधुनिक रडार सिस्टम को दो बार नष्ट किया है। ट्रम्प ने कहा कि हालिया हमले से पहले कई दिनों तक कोई गोलीबारी नहीं हुई थी। लेकिन ईरान ने पहले रडार लगाए थे, जिन्हें अमेरिका ने नष्ट कर दिया था। इसके बाद ईरान ने फिर नए रडार लगाए और अमेरिका ने उन्हें भी नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि लगातार हमलों के बाद ईरान शायद अब नए रडार लगाने से बच रहा है।

ट्रम्प का यह बयान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के उस बयान के कुछ दिन बाद आया है, जिसमें अमेरिकी सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर नए हमले करने की जानकारी दी थी। पिछले हफ्ते किए गए हमलों में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम, समुद्री सैन्य उपकरण, समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की क्षमता और संचार से जुड़े ठिकाने शामिल थे।

ये हमले ईरान की ओर से हाल में किए गए कथित हमले की कोशिशों के बाद हुए। अमेरिका के मुताबिक, इन कोशिशों में होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले व्यावसायिक जहाजों और अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने की कोशिश शामिल थी।

■ वर्ष-12 अंक-302 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 05 सितम्बर, 2026

## सुभाषितानि

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।।

**भावार्थ** : बड़ों का अभिवादन करने और सदैव बड़ों की सेवा करने वालों की आयु, ज्ञान, प्रसिद्धि और शक्ति बढ़ती रहती है।

शिरसि विधृतोरपि नित्यं यत्नादपि सेवितो बहुस्नेहैः।
तरुणीकच इव नीचः कौटिल्यं नैव विजहाति।।

**भावार्थ** : यद्यपि एक युवती नियमित रूप से अपने सिर के बालों में बड़ी सावधानी और प्यार से कंघी करती है, लेकिन उसके बाल आपस में नहीं उलझते।

## सम्पादकीयम्

### अस्मिन् चरणे विशालः

अस्मिन् चरणे विशालः धांधली अभवत पाकिस्तानदेशः अस्य प्रदेशस्य निरन्तरं उपेक्षां कृत्वा मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनं कृतवान् इति कोऽपि रहस्यं नास्ति। बलूचिस्तानदेशे पाकिस्तानस्य अतिरेकाणां विषये अपि विश्वं सम्यक जानाति। सत्ताधारी दलस्य क्रीडा। विगतमासद्वयात् पोके-नगरे तीव्रविरोधाः प्रचलन्ति। एते विरोधाः प्रवासिनः कृते आरक्षितेषु १२ आसनेषु केन्द्रीकृताः सन्ति। संयुक्त अवमी कार्यसमितिः इति नाम्ना प्रसिद्धः नागरिकसमाजसमूहः अस्य आन्दोलनस्य अग्रणीः अस्ति। इस्लामाबाद-सर्वकारः स्वस्य वफादारानाम् स्थापनार्थं एतानि आसनानि रिगं करोति, तस्मात् पोके-विधानसभायाः नियन्त्रणं निर्वाहयति इति जेएएसी-सङ्घस्य आरोपः अस्ति। अस्य आरोपस्य सारः अस्ति, यतः पाकिस्तानस्य सम्यक शासनं कुर्वन् दलः प्रायः - नगरे निर्वाचने विजयं प्राप्नोति। एतेन ज्ञायते यत् २०११ तमे वर्षे पाकिस्तानस्य जनदलस्य, २०१६ तमे वर्षे पाकिस्तानमुस्लिमलीगस्य (नवाजस्य), २०२१ तमे वर्षे इमरानखानस्य दलस्य च विजयः किमर्थम् इति। आर्थिकदुःखानि वर्धितानि सन्ति। परन्तु पाकिस्तान-कब्जित-कश्मीरे निर्वाचन-धांधली एव जनक्रोधस्य कारणं न भवति; आर्थिककष्टानि अपि आक्रोशं प्रवर्धयन्ति। अपि च स्थानीयनिवासिनां अधिकारेषु अधिकाधिकं न्यूनीकरणं क्रियते। अत्र सूचनाः सन्ति यत्।

न प्रत्येकं पुस्तकं केवलं कथां कथयति; केचन

# १० जीवनं परिवर्तयन्तः पुस्तकानि ये भवतः विश्वदृष्टिम् परिवर्तयितुं शक्नुवन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



न प्रत्येकं पुस्तकं केवलं कथां कथयति; केचन पुस्तकानि पाठकान् प्रश्नान् त्यजन्ति। सहस्राणि पुस्तकानि लिखितानि, परन्तु केचन पुस्तकानि सन्ति ये पठित्वा जीवनस्य, सम्बन्धानां, संघर्षस्य, प्रेमस्य, मानवतायाः, स्वस्य च विषये अस्माकं दृष्टिकोणं परिवर्तयितुं शक्नुवन्ति एतादृशानां पुस्तकानां विशिष्टगुणः अस्ति यत् कथायाः समाप्तेः बहुकालानन्तरं तेषां पात्राणि, घटनाः, विचाराः च अस्माकं समीपे एव तिष्ठन्ति। प्रत्येकस्य पाठकस्य रुचिः भिन्ना भवति। केचन साहसिकं रहस्यं च आनन्दयन्ति, केचन भावात्मककथाः, अन्ये तु समाजं मानवव्यवहारं च अवगन्तुं साहाय्यं कुर्वन्ति पुस्तकानि अन्विषन्ति। अस्य कारणात् एकं पुस्तकं सर्वेषां कृते सर्वोत्तमम् इति एकीकृत्य स्थापयितुं कठिनम्। तथापि केचन वैश्विकप्रशंसिताः उपन्यासाः सन्ति येषां कथाः विविधानुभवानाम् अभावेऽपि पाठकान् गभीरं प्रभावितं कुर्वन्ति। एतेषु पुस्तकेषु संघर्षः, आशा, प्रतिशोधः, सम्बन्धानां जटिलताः, मानवतायाः परीक्षा च अन्वेषिताः सन्ति। यदि भवान् पठनसूचौ एतादृशानि पुस्तकानि समावेशयितुम् इच्छति यत् भवान् पठित्वा बहुकालानन्तरं तान् विषये चिन्तयन् त्यक्ष्यति तर्हि एते १० उपन्यासाः भवतः कृते विशेषतया विशेषाः भवितुम् अर्हन्ति।

जॉन् स्टैन्बेक इत्यस्य ईस्ट् आफ एडेन् इति। जॉन् स्टैन्बेक इत्यस्य ईस्ट् आफ एडेन् इति उपन्यासः परिवारस्य, सम्बन्धानां, शुभाशुभस्य, मानवीयनिर्णयानां च कथा अस्ति। उपन्यासः एकस्य परिवारस्य अनेकपुस्तकानां परितः परिभ्रमति, यत्र ईर्ष्या, प्रेम, महत्त्वाकांक्षा, विग्रहः च सह सम्बन्धाः अपि प्रकाशिताः भवन्ति पात्राणि स्वमार्गान् अन्विष्य स्वस्य अतीतेन परिस्थित्या च सह ग्रहणं कुर्वन्ति। अयं पुस्तकः अस्मान् विचारयितुं अपि बाध्यते यत् कश्चन व्यक्तिः स्वस्य स्वभावेन परिस्थित्या च कियत् प्रभावितः भवति, सः स्वनिर्णयद्वारा कियत् स्वं परिवर्तयितुं शक्नोति इति अयं उपन्यासः केवलं पारिवारिककथायाः अपेक्षया अधिकं भवति, अपितु मानवस्वभावस्य अवगमनस्य साधनं भवति।

अलेक्जेण्डर्ड ड्यूमास् इत्यस्य मोंटे क्रिस्टो इत्यस्य काउण्ट् इति द काउण्ट् आफ मोंटे क्रिस्टो एडमण्ड् डान्टेस् इत्यस्य कथा अस्ति, यस्य जीवनं षड्यंत्रेण पूर्णतया परिवर्तितम् अस्ति। सः द्रोहेण कारागारं कृत्वा बहुवर्षं यावत् कारागारे तिष्ठति। मुक्तस्य अनन्तरं सः नूतनपरिचयेन, अपारं धनं च गृहीत्वा द्रोहं कृतवन्तः येषां सम्मुखीभवितुं पुनः आगच्छति। एतेन प्रतिशोधस्य, रहस्यस्य, षड्यंत्रस्य च श्रृङ्खला आरभ्यते। कथायाः रोमाञ्चः, रोमाञ्चः च अस्ति, प्रतिशोधस्य इच्छा कियत् दूरं यावत् मनुष्यस्य परिवर्तनं कर्तुं शक्नोति इति प्रश्नः अपि उत्थापयति। एतत् पुस्तकं तासु कथासु अन्यतमम् अस्ति यत् पाठकं अन्त्यपर्यन्तं आकृष्टं करोति।

लोनसम डोव इति लैरी मेक्मर्ट्री इत्यस्य लैरी मेकमर्ट्री इत्यस्य एकान्तकपोतः पूर्वस्य टेक्सास-रेन्जं-द्वयस्य कथा अस्ति, ये टेक्सास्-नगरात् मोण्टाना-नगरं यावत पशवः चालयितुं दीर्घं कठिनं च यात्रां कुर्वन्ति। यात्रायाः कालखण्डे ते प्रकृतेः, संकटानाम्, स्वभूतकालसम्बद्धानां च अनेकानाम् संघषार्णां सामनां कुर्वन्ति। यात्रायाः सङ्गमे तेषां मैत्री, सम्बन्धाः, प्रेम, भयम्, एकान्तता च कथायाः भागः भवन्ति। पुस्तकं निश्चलम् अस्ति दीर्घकालं यावत्, परन्तु तस्य प्रबलाः पात्राणि, घटनाः च पाठकं निरन्तरं नियोजयन्ति।

एवरेस्ट् मसालानां

## उपरि प्रतिबन्धः स्थापितः फसाई अन्वेषणेन आश्चर्यजनकाः निष्कर्षाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

यदि भवान् स्वपाकशालायां पैकेज्ड् मसालानां उपयोगं करोति तर्हि एषा वार्ता भवतः कृते प्रासंगिका अस्ति। भारतीय खाद्यसुरक्षामानकप्राधिकरणेन लोकप्रियमसालाब्राण्ड् एवरेस्ट् इत्यनेन विक्रीयमाणस्य 'कम्पाउण्ड् असफोएटिडा' (हिंग्) इत्यस्य विषये महत्त्वपूर्णा कार्यवाही कृता अस्ति। परीक्षणेन ज्ञातं यत् उत्पादः निर्धारितगुणवत्तामानकान् न पूरयति स्म, अतः तस्य विक्रये प्रतिबन्धः अभवत्।

उपभोक्तृशिकायतायाः अनन्तरं एषः विषयः प्रकाशं प्राप्तवान्। तदनन्तरं विपण्यां उपलब्धानां प्रमुखानां असाफोएटिडा-ब्राण्ड्-समूहानां नमूनानि एकत्रित्वा परीक्षणं कृतम्। एतस्य खाद्यसुरक्षाकायाणां अनन्तरं कम्पनी आवश्यकसुधारं कर्तुं निर्देशः दत्ता अस्ति। एवरस्टस्य असफोएटिडा इत्यस्य किं दोषः आसीत् एफएसएसएआइ इत्यस्य गुणवत्तापरीक्षाभिः एवरेस्ट्-नगरस्य यौगिक-असाफोएटिडा-रोगस्य विषये गम्भीराः चिन्ताः उत्पन्नाः। नियमाः आज्ञापयन्ति यत् यौगिक-असाफोएटिडा-मध्ये वास्तविक-असाफोएटिडा-इत्यस्य विशिष्टा मात्रा अवश्यमेव भवितुमर्हति-विशेषतः, न्यूनतमं ५ प्रतिशतं मद्य-विलेय-अर्कः परन्तु परीक्षणेषु नमूनाकृते उत्पादे सामग्री ० तः ३ प्रतिशतपर्यन्तं भवति इति ज्ञातम्। अन्येषु शब्देषु नमूनानि निर्धारितमानकान् पूरयितुं असफलाः अभवन्। एतस्य अभावस्य आधारेण उत्पादस्य विक्रयणं स्थगयितुं कार्यवाही कृता। लेबलिंग् विषये के मुद्दे उत्पन्नाः? विषयः केवलं गुणमात्रे एव सीमितः नासीत्; उत्पादस्य लेबलिंग विषये अपि प्रश्नाः उत्थापिताः आसन्। खाद्यपैकेजिंग् विषये प्रदत्ता सूचना समीचीना, नियमानाम् अनुरूपा च भवितुमर्हति, यतः उपभोक्तारः उत्पादविवरणार्थं लेबलस्य उपरि अवलम्बन्ते।

## अन्येषां डिजिटलमाध्यमानां उपयोगेन जटिलविषयाणां

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

ई-वर्गस्य उपक्रमस्य उद्देश्यं केवलं विडियो-प्रदर्शनं न अपितु आधुनिक-प्रौद्योगिक्याः माध्यमेन छात्राणां अध्ययनेन सह सम्बद्धं कर्तुं वर्तते। विडियो, चित्राणि, अन्येषां डिजिटलमाध्यमानां उपयोगेन जटिलविषयाणां अवधारणानां च व्याख्यानं छात्राणां सामग्रीं अधिकप्रभावितेण अवगन्तुं साहाय्यं करिष्यति। शिक्षकाः कक्षायाः शिक्षणार्थं पाठ्यक्रमेण सह सङ्गतानि उपलब्धानि ई-सामग्रीम् अपि चयनं कर्तुं उपयोगं च कर्तुं शक्नुवन्ति। मिशन ज्ञान एप् डिजिटलशिक्षणमञ्चरूपेण विकसितम् अस्ति; छात्राणां कृते ऑनलाइन शैक्षिकसामग्री प्रदाति, विविधप्रतियोगितपरीक्षाणां पाठ्यक्रमानाम्।

## राशिफल

**मेष** : सेहत सामान्य रहेगी। आज के दिन सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए। मन में किसी बात को लेकर बेचैनी रह सकती है।

**वृषभ** : पैसे उधार देने से आज बचना बेहतर रहेगा। खान-पान पर थोड़ा ध्यान दें। परिवार में बच्चों से जुड़ी कोई खुशी मिल सकती है।

**मिथुन** : शाम को दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। बाहर का खाना खाने से बचें।

**कर्क** : मन में किसी महत्वपूर्ण बदलाव का विचार आ सकता है, लेकिन उसे तुरंत लागू करना जरूरी नहीं है।

**सिंह** : गुस्से में कोई फैसला लेने से बचें। खुद पर दबाव न डालें, समय के साथ परिस्थितियां आपके पक्ष में आती जाएंगी।

**कन्या** : बाहर का बहुत ज्यादा मसालेदार खाना खाने से बचें। काम में चल रही जिम्मेदारियों पर ध्यान बनाए रखें।

**तुला** : परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा। खर्चों पर नजर रखना जरूरी है। पब्लिक डीलिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन उपयोगी रहेगा।

**वृश्चिक** : पार्टनर से अपनी बात प्यार से रखें। थकान महसूस हो तो थोड़ा आराम जरूर करें।

**धनु** : लव लाइफ में सब ठीक रहेगा। फिजूलखर्ची से बचें। रक्तचाप या मुंह से जुड़ी छोटी परेशानी को नजरअंदाज न करें।

**मकर** : पेट से जुड़ी परेशानी से बचने के लिए खान-पान सही रखें।परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण शांत रहेगा।

**कुंभ** : दोस्तों के साथ अचानक मिलने का प्लान बन सकता है। रिश्तों में ईगो को बीच में न आने दें।

**मीन** : पार्टनर को समय दें। पैसों के मामले में दिन सामान्य से अच्छा रहेगा। अपने पार्टनर का दिल न दुखाएं।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध गोचर 2026: 7 सितंबर से 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, 20 दिनों तक रहेंगे करियर और धन लाभ के योग

7 सितंबर 2026 को बुध ग्रह कन्या राशि में प्रवेश करेंगे और 26 सितंबर तक इसी राशि में रहेंगे। आइए जानते हैं किन 4 राशियों पर इसका शुभ प्रभाव पड़ सकता है।

ज्योतिष में बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार, करियर और धन से जुड़े मामलों का कारक माना जाता है। 7 सितंबर 2026 को बुध ग्रह कन्या राशि में प्रवेश करेंगे और 26 सितंबर तक इसी राशि में रहेंगे। ऐसे में बुध का यह राशि परिवर्तन कुछ जातकों के लिए तरक्की और आर्थिक लाभ के नए रास्ते खोल सकता है। आइए जानते हैं किन 4 राशियों पर इसका शुभ प्रभाव पड़ सकता है।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए बुध का गोचर करियर के लिहाज से अच्छा साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है और आय बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। कारोबारियों



को किसी नई डील या प्रोजेक्ट से फायदा होने की संभावना है। आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत हो सकती है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए यह गोचर विशेष लाभकारी रह सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी या पद में बदलाव के योग बन सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार करने वालों को भी इस दौरान अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**तुला राशि-** बुध का राशि परिवर्तन तुला जातकों के जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ा सकता है। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने की योजना पूरी हो सकती है। लंबे समय से अटके काम गति पकड़ेंगे। अचानक आर्थिक लाभ मिलने के भी संकेत हैं। घर-परिवार में भी सकारात्मक माहौल बना रह सकता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों को इस दौरान भाग्य का साथ मिल सकता है। कामकाज में आ रही रुकावटें दूर होंगी और नए अवसर सामने आएंगे। कारोबारियों को लाभदायक सौदा मिल सकता है, जिसका फायदा भविष्य में भी मिलेगा। निवेश से आर्थिक लाभ के योग बन सकते हैं। कई जरूरी काम समय पर पूरे होने की संभावना है।

इंडिया अब तक 14 टी-20 हरा चुकी, हरमनप्रीत 150वें मैच में कप्तानी करने वाली पहली क्रिकेटर बनेंगी

# विमेंस एशिया कप में आज भारत-पाकिस्तान

ब्रह्मास्त्र ›› दुबई



विमेंस एशिया कप 2026 में आज भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से शुरू होगा।

भारत अपने दोनों मुकाबले जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में पहुंचा चुका है। हरमनप्रीत कौर 150वीं बार टी-20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान उतरेंगी। वे इस मुकाम तक पहुंचने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर बनेंगी।

टीम इंडिया पिछले 4 मैचों से अजेय है। पाकिस्तान ने आखिरी बार अक्टूबर 2022 में एशिया कप के मुकाबले में ही भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

यह एशिया कप टी-20 में भारत के खिलाफ उसकी इकलौती जीत भी है। टूर्नामेंट में खेले बाकी के 6 मुकाबले भारत ने अपने नाम किए। दोनों टीमें टी-20 इंटरनेशनल में 17 बार भिड़ी हैं। इनमें भारत ने 14 मैचों में पाकिस्तान को हराया है। पाकिस्तान 3 मुकाबलें ही जीत सका है।

**पाकिस्तान जीता तो सेमीफाइनल में पहुंचेगा-** ग्रुप में भारत 4 अंकों के साथ पहले और पाकिस्तान 2 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। यह मैच जीतने पर पाकिस्तान टॉप-4 में पहुंच जाएगा। हारने की स्थिति में उसे अपने आखिरी लीग मैच में हॉन्गकॉन्ग को हराना होगा।

**मंधाना और दीप्ति शानदार फॉर्म में हैं-** इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से ओपनर स्मृति मंधाना और स्पिनर दीप्ति शर्मा टॉप परफॉर्मर रही हैं। मंधाना ने 2 मैचों में 193.24 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले मैच में 124 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा हाईएस्ट विकेट टेकर रही हैं। उन्होंने 2 मैचों में सिर्फ 2.16 की इकोनॉमी से 6 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बिना रन दिए 3 विकेट लिए थे।

**पाकिस्तान को मुनीबा अली और सादिया इकबाल से उम्मीदें-** पाकिस्तान के लिए ओपनर मुनीबा अली और स्पिनर सादिया इकबाल ने टूनामेंट में सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। मुनीबा ने खेले इकलौते मैच में 54 रन बनाए थे। वहीं गेंदबाजी में सादिया ने टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उन्होंने पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ 2.75 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए।

**दुबई में स्पिनर्स को 71, पेसर्स को 31 विकेट-** एशिया कप के शुरूआती 7 मैचों में 6 बार टॉस जीतने वाली टीम ने पहले गेंदबाजी चुनी। टूनामेंट में अब तक सिर्फ भारत ने 150+ का स्कोर बनाया है। बल्लेबाज शुरूआत में तेजी से रन बना रहे हैं, लेकिन आखिरी ओवर्स में रन बनाने की रफ्तार कम हुई है। पिच से स्पिनरों को मदद मिली है। स्पिनर्स ने सिर्फ 5.1 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 71 विकेट लिए हैं। वहीं तेज गेंदबाजों को 31 विकेट मिले हैं। दुबई में शनिवार को मैच शुरू होने के समय तापमान करीब 37 डिग्री रहने का अनुमान है। इसके बाद तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी। स्मृति मंधाना ने दुबई की परिस्थितियों को 'स्टीम बॉक्स' जैसा बताया था।

## शमी दलीप ट्रॉफी फाइनल में 100वां फर्स्ट-क्लास मैच खेलेंगे

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का 100वां फर्स्ट क्लास मैच होगा। इस मैच से पहले शनिवार को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन उन्हें सम्मानित करेगा। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रविवार को सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मैच ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच होने वाला है। 36 साल के शमी ईस्ट जोन से खेलेंगे। ईशान किशन टीम के कप्तान हैं, जबकि वैभव सूर्यवंशी उपकप्तान हैं।



**शमी को क्रिकेट बॉल, जर्सी और चांदी की ट्रॉफी दी जाएगी-** सीएबी शमी को एसोसिएशन के अध्यक्ष सौरव गांगुली के हस्ताक्षर वाली क्रिकेट बॉल, कस्टमाइज्ड नंबर-100 जर्सी और चांदी की ट्रॉफी देगा। सीएबी के कोषाध्यक्ष संजय दास तेज गेंदबाज को सम्मानित करेंगे। संजय दास ने कहा- शमी बंगाल क्रिकेट का गौरव और एक महान खिलाड़ी हैं। यह अहम उपलब्धि हासिल करने पर उनके लिए राज्य संघ की ओर से एक छोटा-सा सम्मान है।

**शमी ने फर्स्ट क्लास में 382 विकेट लिए-** शमी ने अब तक 99 फर्स्ट-क्लास मैचों में 382 विकेट लिए हैं। ईस्ट जोन को फाइनल तक पहुंचाने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। पारी में 90 रन देकर 8 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन सेंट्रल जोन के खिलाफ मैच में 5 विकेट लिए थे।

## अल्काराज और मेदवेदेव वर ओपन के चौथे राउंड में पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

न्यूयॉर्क में शुक्रवार को वर ओपन 2026 के तीसरे राउंड में स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चीन के वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर मेंस सिंगल्स के चौथे राउंड में जगह बनाई। 139 दिन बाद सिंगल्स कोर्ट पर लौटे सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 2 घंटे 20 मिनट में मैच जीता। वहीं, डेनियल मेदवेदेव ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। विमेंस सिंगल्स में डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका ने मैच के दौरान स्टैंड्स से आ रही गांजे की बदबू की शिकायत की, जबकि एम्मा नवारो ने विंबलडन फाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा को हराकर बड़ा उलटफेर किया। जबकि विमेंस डबल्स में पहले राउंड दौर में विलियम्स बहनों (सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स) को हार का सामना करना पड़ा है। कलाई की चोट के कारण अप्रैल से सिंगल्स कोर्ट से दूर रहे अल्काराज ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पहले राउंड में उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी, जबकि दूसरे राउंड में पुर्तगाल के जेमी फारिया के खिलाफ एक सेट गंवाना पड़ा था।

## सात्विक-चिराग चीन मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

### डेनमार्क की जोड़ी को हराया, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में हारे



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन मास्टर्स 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जोड़ी ने शुक्रवार को डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन को 21-13, 16-21, 21-18 से हराया।

चीन के शेनझेन शहर में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में भारतीय जोड़ी ने 15-17 से पिछड़ने के बाद वापसी की। उन्होंने तीसरे गेम के आखिरी सात में से छह पॉइंट जीतकर मैच अपने नाम किया।

भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में तेज शुरूआत की और 15-5 की बढ़त बना ली। उन्होंने इस गेम को 21-13 से जीतकर मैच में 1-0 की बढ़त बनाई।

दूसरे गेम में डेनमार्क की जोड़ी ने जोरदार वापसी की। गेम में स्कोर बराबरी का चल रहा था, लेकिन एस्ट्रुप और रासमुसेन ने आखिरी आठ में से सात पॉइंट जीत लिए।

तीसरे गेम में भी डेनमार्क की जोड़ी 17-15 से आगे थी। रैलियों में उसका दबदबा था। सात्विक और चिराग ने आखिरी सात में से छह पॉइंट जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

**श्रीकांत सीधे गेम में हारे, ली यू ने हराया-** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदांबी श्रीकांत का अभियान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ खत्म हो गया। उन्हें हांगकांग के ली चेक यू ने 21-16, 21-16 से हराया। श्रीकांत ने दोनों गेम में कुछ मौकों पर लय बनाई, लेकिन वह अपनी चुनौती को कायम नहीं रख सके। ली चेक यू ने संयम बनाए रखा और सीधे गेम में मुकाबला जीत लिया। वर्ल्ड नंबर 13 लक्ष्य को कनाडा के वर्ल्ड नंबर 9 विक्टर लाई ने 38 मिनट चले मुकाबले में 21-14, 21-7 से हराया।

## खबर एक नजर...

### देवास रोड पर नशे की हालत में मिली महिला

**उज्जैन।** देवास रोड पर शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे नागझिरी पुलिस को एक महिला नशे की हालत में सड़क किनारे पड़ी मिली। महिला के कपड़े फटे हुए थे। पुलिसकर्मियों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे चरक अस्पताल की चौथी मंजिल स्थित ए वार्ड में भर्ती किया गया। अस्पताल में महिला ने अपनी पहचान सुनीता, पति संजू आंजना, निवासी जोगीखेड़ी के रूप में बताई। उसके अनुसार, उसका पति संजू गुरुवार को उसे उज्जैन लेकर आया था। महिला का आरोप है कि पति ने उसे शराब पिलाई और बाद में उसके साथ मारपीट की। इसके बाद पति उसे छोड़कर चला गया। सुनीता ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से गोंदिया, महाराष्ट्र की रहने वाली है। पति के चले जाने के बाद बारिश से बचने के लिए वह देवास रोड किनारे बैठ गई थी, जहां पुलिस को वह नशे की हालत में मिली। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसका आधार कार्ड और वोटर आईडी अपने पास रख लिया। पुलिस के अनुसार, महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उसके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवक पर हमला कर मोबाइल-पर्स से भरा बैग लूटा

**उज्जैन।** नृसिंहघाट पर गुरुवार रात खाना खाने पहुंचे एक युवक पर दो बदमाशों ने हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक बेहोश होकर मौके पर गिर पड़ा। बदमाश उसका बैग लेकर फरार हो गए। बैग में मोबाइल, पर्स और कपड़े रखे थे। घायल युवक संतोष विश्वकर्मा, निवासी कैलाश नगर कॉलोनी, वृंदावन ने बताया कि रात करीब 10 बजे वह नृसिंहघाट पर खाना खाने गया था। इसी दौरान दो युवकों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी और वह बेसुध होकर वहीं गिर गया। शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों की नजर उस पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने ई-रिक्शा की मदद से घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान उसके सिर में आठ टांके लगाए गए। महाकाल पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले की जांच की जा रही है। बदमाशों की पहचान और लूटे गए सामान के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### उज्जैन पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान जारी

**उज्जैन।** आगामी त्योहारों को देखते हुए उज्जैन पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए शहर एवं देहात क्षेत्रों में विशेष चेकिंग और निगरानी अभियान तेज कर दिया है। पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार जांच एवं सत्यापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने धारा 151 के तहत 20 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग और निगरानी के दौरान पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक कार्रवाई की। आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर पुलिस लगातार नजर रख रही है अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी अधिनियम में 13 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की। इस दौरान धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 18 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। शहर और देहात क्षेत्रों में वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 69 चालानी कार्रवाई की गई। उज्जैन पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग, निगरानी और सत्यापन लगातार किया जा रहा है।

### पाश्र्वनाथ टॉवर से स्कूटर चोरी कर बाजार में घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन।** माधवनगर पुलिस ने चोरी की स्कूटर के साथ एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की स्कूटर की नंबर प्लेट हटाकर बाजार में घूम रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचोरिया के अनुसार, पिछले दिनों फ्रीगंज स्थित पाश्र्वनाथ टॉवर की पार्किंग से सफेद रंग की स्कूटर क्रमांक एमपी 13 डीआर 0704 चोरी हो गई थी। पुलिस चोरी गए वाहन की तलाश के साथ थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की गतिविधियों पर भी नजर रख रही थी। इसी दौरान पुलिस को हिस्ट्रीशीटर विक्की उर्फ बलराम पिता संजय, निवासी गणेशपुरा की गतिविधियां संदिग्ध मिलीं। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। तलाशी और पूछताछ में उसके पास मिली स्कूटर चोरी की निकली। आरोपी ने वाहन की नंबर प्लेट निकाल रखी थी और उसी के जरिए वह बाजार में घूम रहा था। पुलिस के अनुसार, विक्की उर्फ बलराम थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ प्राणघातक हमला, लूट, धमकी और आर्म्स एक्ट सहित करीब 15 अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने चोरी की स्कूटर बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की और उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 223-7 | 244-0 |
| मेन बाजार | 146-1 | 249-5 |
| मिलन डे | 455-4 | 277-6 |
| मिलन नाइट | 160-7 | 357-5 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 0 |

---

गोपाल मंदिर से कंठाल तक 24 मीटर चौड़ीकरण, 7 धर्मस्थल जद में

# खड़े हनुमान जी की अंतिम आरती में छलके भक्तों के आंसू

### संकट मोचन मंदिर की बची 3x10 फीट जमीन पर भक्तों ने कर दी पुनर्स्थापना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल लोक के बाद गोपाल मंदिर से कंठाल तक प्रस्तावित 24 मीटर सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे धर्मस्थलों को हटाने का सबसे भावुक क्षण शुक्रवार को देखने को मिला। कंठाल मार्ग के प्रसिद्ध खड़े हनुमान जी मंदिर में वर्तमान स्थल पर अंतिम आरती की गई। आरती के बाद नगर निगम ने मंदिर को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

**अंतिम आरती में झलके अश्रु -** जन्माष्टमी पर्व की सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा था। दोपहर 2 बजे पुजारी पं. राकेश व्यास और नियमित भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और महाआरती की गई। आरती के दौरान कई बुजुर्ग महिला-पुरुषों की आंखों से आंसू निकल पड़े। 40 साल से इस मंदिर में रोज दर्शन करने आ रहे फूल विक्रेता गोविंद ने बताया कि इस प्रतिमा के सामने मन्नत मांगने से काम जरूर पूरा होता था।







#### 8 फीट ऊंची प्रतिमा को क्रेन से उतारा -

आरती के तुरंत बाद निगम की तकनीकी टीम, इंजीनियर और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। 8 फीट ऊंची खड़ी मुद्रा वाली दुर्लभ हनुमान प्रतिमा को क्षति न पहुंचे, इसके लिए पहले चारों तरफ बल्लियों की शटरिंग की गई। फिर दो बड़ी क्रेन और कटर मशीन से मंदिर के गुंबद और दीवारों को अलग किया गया। देर शाम 7 बजे तक काम जारी रहा। बीच-बीच में तेज बारिश से काम रोकना पड़ा। कार्रवाई के बाद प्रतिमा को पूरी तरह कपड़े से ढककर वाटरप्रूफ टेंट लगाया गया। अफसरों के अनुसार शनिवार सुबह मुहूर्त में प्रतिमा को 200 मीटर दूर छत्रीचौक पानी की टंकी के पास तैयार किए गए नए अस्थायी मंदिर में विधि-विधान से स्थापित किया जाएगा।

#### संकट मोचन की वापसी

15 दिन पहले हटाए गए संकट मोचन हनुमान मंदिर की कहानी अलग है। चौड़ीकरण में मंदिर का 90% हिस्सा टूट गया था, लेकिन लंबाई में पीछे की तरफ 3 फीट चौड़ी और 10 फीट लंबी पट्टी बच गई। भक्तों ने प्रशासन से चर्चा कर उसी बची हुई जमीन पर ही छोटे स्वरूप में हनुमान जी की पुनर्स्थापना कर दी है, ताकि आस्था का केंद्र बना रहे।

#### ये है प्रोजेक्ट का बैकग्राउंड

नगर निगम द्वारा गोपाल मंदिर से कंठाल ब्रिज तक सड़क को 24 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 और महाकाल लोक में बढ़ती भीड़ को देखते हुए ये सड़क वीवीआईपी रूट बनेगी। इस रूट में 7 छोटे-बड़े मंदिर-मजार चौड़ीकरण की जद में आए हैं। निगम ने सभी को नोटिस देकर सहमति से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है।

---

मानसून सत्र में पिछले वर्ष से 7इंच कम, जिले में 13.4 मिमी औसत बारिश

# भादौ में सावन की रिमझिम, बादलों ने सूरज नहीं निकलने दिया

### सोयाबीन बंपर पैदावार की ओर, 70 दिन की हुई फसल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मालवा में इस बार भादौ में सावन का अहसास हो रहा है। गुरुवार रात से शुरू हुआ बारिश का क्रम शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर जारी रहा। रिमझिम बारिश ने न केवल शहरवासियों को भुट्टों के शौकिनों को अपनी और खिंचा और जायका लेने पर मजबूर किया, बल्कि खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल के लिए अमृत का काम किया है। वेधशाला और भू-अभिलेख शाखा के ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि इस बारिश से भू-जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ अगली फसल के लिए भी जमीन में पर्याप्त नमी बन गई है।

मानसून के शेष 26 दिनों में अगली फसल के लिए अच्छी बारिश की आवश्यकता जताई जा रही है। अगली फसल के लिए 5 इंच बारिश इस माह होती है तो उसके भी बंपर आने की संभावना बनेगी।

**तराना-झारड़ा में सबसे ज्यादा पानी-** भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आंकडों के अनुसार जिले में औसत वर्षा 906.2 मिमी के विरुद्ध इस सीजन में अब तक 535.3 मिमी बारिश हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में ही जिले में औसत 13.4 मिमी बारिश हुई है। जिले में सबसे ज्यादा बारिश तराना में 20.0 मिमी और झारड़ा में 19.0 मिमी हुई। अन्य तहसीलों में महिदपुर 18.0, खाचरौद 15.0, माकड़ौन 15.0, उज्जैन शहर 11.0, घट्टिया 9.0, नागदा 7.0 और बड़नगर 6.0 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**पिछले वर्ष से 7 इंच कम-** भू-अभिलेख के आंकडों के अनुसार गत वर्ष इस समय तक जिले में 701.7 मिमी बारिश हो चुकी थी, जबकि इस साल 535.3 मिमी है। कृषि के जानकारों के अनुसार मानसून के शेष 26 दिनों में यदि 5 इंच (125 मिमी) बारिश और हो जाती है तो अगली फसल गेहूं-चना के लिए बंपर पैदावार की नींव बन जाएगी।



#### वेधशाला में 24 घंटे में 24 मिमी, कुल 638 मिमी -

शासकीय जीवाजी वेधशाला उज्जैन के शुक्रवार शाम जारी मौसम के आंकड़ों के अनुसार शहर में मौसम पूरी तरह से मानसूनी बना हुआ है।

- न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री और अधिकतम 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
- आर्द्रता सुबह 95% और शाम को 91% रही, जो फसल में दाना भरने के लिए आदर्श है।
- वेधशाला पर सुबह 15.0 मिमी और शाम को 9.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। इस सीजन में अब तक वेधशाला पर कुल 638.0 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है।
- हवा की गति सुबह 6 किमी/घंटा और शाम को 12 किमी/घंटा रही।

#### अगले 30 दिनों में फसल बाजार में

मालवांचल में सोयाबीन की फसल 65 से 70 दिन की हो चुकी है और फली व दाना भरने की अवस्था में है। भारतीय किसान संघ के प्रांताध्यक्ष कमलसिंह आंजना के अनुसार, "हाल की बारिश ने कमजोर पड़ रही फसल को संभाल लिया है। अभी फसल में जोरदार दाना भर रहा है। 90 दिन वाली वैरायटी खर-9560 की कटाई अगले 20 दिनों में शुरू हो जाएगी, जबकि 105 दिन वाली खर-2172 और खर-7305 वैरायटी महीने के अंत तक कटाई में आएगी। बंपर पैदावार के अनुमान से प्लांटों ने अभी से भाव घटाना शुरू कर दिया है।" इसके चलते अगले 30 दिनों में अगर मौसम ने किसान का साथ दिया तो फसल बाजार में आना शुरू हो जाएगी।

#### कृषि विभाग ने खेतों में झांका

कृषि विभाग के जिला स्तरीय डायग्नोस्टिक दल ने उप संचालक कृषि के.एस. कैन के नेतृत्व में घट्टिया एवं उज्जैन विकासखंड के ग्राम गुराड़िया गुर्जर, खजूरिया सादर, मालखेड़ी, बिसाखेड़ी, रूदाहेड़ा, देवानखेड़ी, सायरखेड़ी, नाहरिया, भानबड़ोदिया सहित कई गांवों का भ्रमण किया। दल ने पाया कि फसल सामान्यतः स्वस्थ है और किसी प्रमुख कीट-व्याधि का प्रकोप नहीं है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे नियमित निगरानी बनाए रखें और किसी भी लक्षण पर कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क करें।

---

राजसी सवारी से पहले पुलिस-प्रशासन अलर्ट

# भजन मंडली में 50 से ज्यादा सदस्य नहीं, पटाखे-हथियार बैन

महाकाल मंदिर के लाइजनिंग अफसरों और भजन मंडलियों की संयुक्त बैठक में तय हुए नियम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की अंतिम और सबसे बड़ी राजसी सवारी को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी (ईस्ट) आलोक कुमार शर्मा ने भजन मंडलियों के प्रमुखों, महाकाल मंदिर समिति और लाइजनिंग अधिकारियों की अहम बैठक ली। इसमें सवारी के सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए नियम तय करते हुए निर्देश जारी किए गए।

बैठक में एडीएम सत्येंद्र सिंह गुर्जर, महाकाल मंदिर के उप प्रशासक एस.एन. सोनी और सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल के साथ भजन मंडलियों के प्रमुख भी मौजूद रहे।

#### बैठक में तय हुए 5 प्रमुख नियम

भीड़ नियंत्रण- किसी भी भजन मंडली में 50 से अधिक सदस्य शामिल नहीं होंगे। सभी मंडलियों को निर्धारित समय पर रूट पर लाइन-अप होना होगा।

ज्वलनशील पदार्थ बैन- सवारी के दौरान पटाखे, कपूर, पायरो गन या किसी भी तरह के ज्वलनशील पदार्थ लाना और जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

हथियारों पर रोक- भजन मंडली में शामिल कोई भी सदस्य तलवार या अन्य धारदार हथियारों का प्रदर्शन नहीं करेगा।

ळख पर कंट्रोल- सभी मंडलियों के डीजे और साउंड सिस्टम को निर्धारित मानकों में ही बजाना होगा। ध्वनि का स्तर तय डेसिबल सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

रूट का अनुशासन- सवारी मार्ग को पूरी तरह क्लियर रखा जाएगा। मंडलियों को तय रूट और तय स्थान पर ही चलना होगा। पुलिस के निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

---

# शिक्षक दिवस पर 1250 शिक्षकों का होगा सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर इस बार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने नवाचार किया है। जिले के सभी विकासखंडों में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड में यह समारोह सांदीपनि विद्यालय / उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित होगा। समारोह में उन शासकीय विद्यालयों के विषय शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपने विषय में शत-प्रतिशत (100%) परिणाम दिया है।

मुख्य अतिथियों के करकमलों से इन शिक्षकों को सम्मान-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

---

# महाकाल दर्शन के लिए गाजियाबाद से आए युवक की होटल में मिली लाश

कमरे से बदबू आने पर होटल स्टाफ ने पुलिस को दी सूचना, पुलिस मामले की जांच मे जुटी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल दर्शन के लिए गाजियाबाद से उज्जैन आए 38 वर्षीय मुकेश कुमार का शव शुक्रवार सुबह महाकाल लोक के नीलकंठ द्वार के सामने स्थित होटल टेम्पल व्यू के कमरे में मिला। कमरे से बदबू आने के बाद होटल स्टाफ को संदेह हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची महाकाल थाना पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर कमरे की जांच की, जहां मुकेश का शव मिला। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

पुलिस के अनुसार न्यू कोटगांव, गाजियाबाद निवासी मुकेश कुमार 1 सितंबर को अपने दोस्त विनीत गोयल के साथ उज्जैन आया था। दोनों ने महाकाल लोक के नीलकंठ द्वार के सामने स्थित

होटल टेम्पल व्यू में कमरा लिया था। होटल स्टाफ के मुताबिक दोनों दो दिन तक होटल में साथ रहे और शराब पीकर आते-जाते थे। इसके बाद 3 सितंबर को विनीत गोयल ने होटल का पूरा बिल चुकाया और वहां से चला गया। बताया जा रहा है कि वह इसके बाद होटल वापस नहीं आया। 3 सितंबर के बाद मुकेश के कमरे से बाहर नहीं आने पर होटल स्टाफ को शुक्रवार सुबह संदेह हुआ। कमरे से तेज बदबू आने पर प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद दरवाजा खुलवाया गया। अंदर मुकेश का शव मिला। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार प्रारंभिक जांच में ऐसे फुटेज सामने आए हैं, जिनमें मुकेश के बाथरूम जाने और बाहर निकलते समय गिरने की बात सामने आई है। आशंका है कि गिरने के बाद वह दोबारा नहीं उठ पाया। हालांकि अभी इसे मौत का कारण नहीं माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने विनीत गोयल के अचानक होटल का पूरा बिल चुकाकर चले जाने को जांच का महत्वपूर्ण बिंदु माना है। उसके बाद से वह संपर्क में नहीं आया है। पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और विनीत की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस ने उसे मामले में संदिग्ध माना है, लेकिन उसकी भूमिका को लेकर जांच जारी है।

---

सुबह जंगल-खेतों में दबिश, रात को होटल-ढाबे निशाने पर

# आबकारी विभाग की 11 पर कार्रवाई, करीब 15 हजार की मदिरा भी बरामद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और सेवन के खिलाफ उज्जैन आबकारी विभाग ने 3 सितंबर को दिनभर और देर रात तक अभियान चलाया। ग्राम खजुरिया कुमावत में दबिश देकर हाथ भट्टी की शराब और महुआ लहान बरामद किया गया, वहीं रात में शहर और आसपास के होटल-ढाबों में अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग ने कुल 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंदा के अनुसार, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के आदेश और सहायक आयुक्त आबकारी निधि जैन के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। डिप्टी कंट्रोलर प्रतीक गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी दल ने 3 सितंबर की सुबह मुखबिर की सूचना पर ग्राम खजुरिया कुमावत में दबिश दी।



**घर से मिली हाथ भट्टी की शराब**

दबिश के दौरान कृष्णा बाई पति प्रहलाद के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। तलाशी में करीब 5 लीटर हाथ भट्टी की मदिरा बरामद हुई। आबकारी विभाग ने कृष्णा बाई को गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसी क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि से करीब 150 किलोग्राम महुआ लहान भी बरामद किया गया। इस मामले में तीन अज्ञात प्रकरण धारा 34(1)(एफ) के तहत दर्ज किए गए।

#### रात में होटल-ढाबों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

सुबह की कार्रवाई के बाद आबकारी टीम ने रात में शहर और शहर से सटे क्षेत्रों में गश्त की। इस दौरान होटल और ढाबों पर अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने की शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के अनुसार मातृकृपा ढाबा, अग्रवाल ढाबा, अन्नु का ढाबा, माली ढाबा, संता-बंता ढाबा, बेबी ढाबा, संजू ढाबा, चोपाल ढाबा, सेठ जी ढाबा, बाबा ढाबा, जादूगर ढाबा और महाकाली ढाबा सहित अन्य स्थानों पर जांच की गई। कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(ए) एवं 36(बी) के तहत सात प्रकरण दर्ज किए गए। विभाग ने कार्रवाई के दौरान करीब 15 हजार रुपए कीमत की मदिरा जब्त किए जाने की जानकारी दी है। सुबह से देर रात तक चली कार्रवाई के चलते अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने वालों में हड़कंप की स्थिति रही।

#### आगे भी जारी रहेगा अभियान

कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक रानी सिंह, संदीप कतरोलिया और शुभांगी सहित आबकारी मुख्य आरक्षक महेश कछवाए, जगदीश रेशमिया तथा आरक्षक सुनील अमृतिया, शिवानी जरवाल, निशा, अनिल मंडेरिया, रोहित लोहारिया और राजेश व्यास सहित अन्य अमला शामिल रहा। आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंदा ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण और होटल-ढाबों में नियम विरुद्ध शराब परोसने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com